जनमार्ग प्रात:कालीन के सभी पाठकों विज्ञापनदाताओं व शुभचिंतकों को नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY NEW YEAR
2025

Website:- www.Janmarg.com
TITLE CODE:- T/RJ/2024/211
e-mail :morningjanmarg@gmail.com
निष्पक्ष एवं निर्भीक दैनिक

# जनमार्ग

लोकतंत्र व निष्पक्षता का मार्ग प्रात:कालीन समाचार पत्र

श्रीगंगानगर, बुधवार, 01.01.2025 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 2 रुपये ● वर्ष : 1 ● अंक : 252 ● मो. 93526-86083, 77421-86692, 0154-2970692

## राजस्थान में लाखों लोगों के बदलेंगे आधार-पैन और वोटर आईडी

● जिले-संभाग खत्म कर 10 हजार करोड़ बचाए, कलेक्टर-एसपी हटेंगे

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** राजस्थान से 9 जिले और 3 संभाग खत्म होने के बाद अब बदलाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। खत्म किए गए जिलों से अब कलेक्टर, एसपी और जिला स्तर के अफसरों को हटाने की प्रक्रिया शुरू होगी। नए साल में जिला स्तर के अफसरों को दूसरे जिलों में भेजने के आदेश जारी होंगे। सरकार ने दूदू, केकड़ी, शाहपुरा, नीमकाथाना, गंगापुरसिटी, जयपुर ग्रामीण, जोधपुर ग्रामीण, अनूपगढ़, सांचौर जिलों को निरस्त कर पुराने जिलों में मर्ज किया है। साथ ही बांसवाड़ा, पाली और सीकर संभागों को खत्म किया है। वित्त विभाग के सूत्रों की मानें तो ऐसा कर सरकार ने 10 हजार करोड़ रुपए का बजट बचा लिया है। हालांकि जिले रद्द करने से लाखों लोगों को अपने डॉक्युमेंट अपडेट करने में करोड़ों रुपए खर्च करने होंगे। स्कूल-अस्पतालों सहित सरकारी दफ्तरों के साइन बोर्ड और पूरी सरकारी स्टेशनरी बदलने में भी खर्चा होगा। जिन 9 जिलों को खत्म किया गया है, उनमें 6 में अभी कलेक्टर लगे हैं, जबकि 3 में कलेक्टर का अतिरिक्त चार्ज था। अब 6 जिलों में कलेक्टर लगे अफसरों के कभी भी तबादला




आदेश निकल जाएंगे। इसके अलावा सीकर, पाली और बांसवाड़ा के संभागीय आयुक्त भी हटेंगे। जिन जिलों को हटाया गया है उनमें नीमकाथाना कलेक्टर शरद मेहरा, अनूपगढ़ कलेक्टर अवधेश मीणा, शाहपुरा कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत, केकड़ी कलेक्टर श्वेता चौहान, गंगापुरसिटी कलेक्टर गौरव सैनी और सांचौर कलेक्टर शक्ति सिंह राठौड़ के अब तबादलों की तैयारी है। तीन जिलों की जिम्मेदारी अतिरिक्त के तौर पर थी। दूदू और जयपुर ग्रामीण जिलों के कलेक्टर का अतिरिक्त चार्ज जयपुर कलेक्टर के पास था, जबकि जोधपुर ग्रामीण जिले के कलेक्टर का अतिरिक्त चार्ज जोधपुर कलेक्टर के पास था। इसलिए अब 9 में से 6 जिलों के कलेक्टरों को हटाया जाएगा, जबकि 3 जिलों के कलेक्टरों का अतिरिक्त चार्ज ही हटेगा।

## दुनिया में नए साल का जश्न सबसे पहले न्यूजीलैंड में



● आतिशबाजी के साथ हुआ भव्य स्वागत

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** दुनिया में नए साल की एंट्री हो गई है। न्यूजीलैंड की घड़ियों में सबसे पहले वर्ष 2025 के स्वागत के लिए 12 बजते ही जश्न शुरू हो गया। दुनिया के सबसे पूर्वी हिस्से में स्थित होने के कारण, न्यूजीलैंड में सबसे पहले नए साल का जश्न मनाया जाता है। ऑकलैंड के चर्चित स्काई टावर पर नए साल पर जबरदस्त आतिशबाजी की गई। न्यूजीलैंड में भारत से साढ़े 7 घंटे पहले, जबकि अमेरिका में साढ़े 9 घंटे बाद नया साल आता है। इस तरह पूरी दुनिया में नया साल आने की जर्नी 19 घंटों तक जारी रहती है। दुनियाभर में अलग-अलग टाइम जोन के कारण 41 देश ऐसे हैं जो भारत से पहले नए साल का स्वागत करते हैं। इनमें किरिबाती, समोआ और टोंगा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी, म्यांमार, जापान इंडोनेशिया, बांग्लादेश, नेपाल आदि देश हैं।

## प्रदेश में कोहरे से विजिबिलिटी 10 मीटर, सर्दी बढ़ने की संभावना

● जम्मू-कश्मीर में टेम्परेचर माइनस 10 डिग्री पहुंचा



जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** देश के तीन राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बर्फबारी जारी है। जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में तापमान माइनस 10 डिग्री तक पहुंच गया है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कई सड़कें बंद हैं। बर्फबारी देखने के लिए हिमाचल के शिमला में पिछले 2 दिनों में 24 हजार वाहनों में 80 हजार से ज्यादा टूरिस्ट न्यू ईयर का जश्न मनाने पहुंचे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को पहाड़ों की बर्फीली हवा से क्क बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली में तापमान गिरेगा। उत्तर भारत में शीतलहर और घने कोहरे का अनुमान है। उत्तर प्रदेश के 52 जिलों में शीतलहर चल रही है। 60 जिलों में घना कोहरा है। मुरादाबाद और आजमगढ़ में विजिबिलिटी 50 मीटर तक रह गई है। कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर 37 ट्रेनें 8 घंटे तक लेट आईं। हरियाणा के 14 शहरों में शीतलहर का अलर्ट है। मध्य प्रदेश में भी तापमान लगातार गिर रहा है। नीमच में पारा 3.5 डिग्री तक पहुंचा गया है। वहीं, राजस्थान 3 दिन तक कोल्डवेव का अलर्ट है। हिल स्टेशन माउंट आबू में कल से 3 दिन के बीच पारा माइनस में जा सकता है।

## टैंकर का वॉल्व टूटने से ऑक्सीजन प्लांट में लीक हुई गैस

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** जयपुर के ऑक्सीजन प्लांट में मंगलवार शाम गैस लीकेज होने से दहशत फैल गई। टैंकर का वॉल्व टूटने से प्लांट से गैस (कार्बन डाई ऑक्साइड) लीकेज हुआ। विश्वकर्मा थाना पुलिस ने मेन वॉल्व बंद करवाकर लीकेज को बंद करवाया। गैस की वजह से दृश्यता कम होने के चलते वाहनों को धीमी गति से निकाला गया। असिस्टेंट फायर ऑफिसर विश्वकर्मा भंवर सिंह हाड़ा ने बताया कि अजमेरा गैस प्लाट के नाम से रोड नंबर-18 विश्वकर्मा में ऑक्सीजन प्लांट है। प्लांट में दो बड़े टैंकर सीओटू गैस के स्टोरज के लिए बने हुए हैं। रविवार दोपहर को गैस टैंकर के जरिए सीओटू गैस स्टोरज के लिए आई थी। स्टोरज टैंकर में गैस डालकर वॉल्व बंद कर दिया गया।

## ब्लूटूथ से नकल करते पकड़े गए दो कैंडिडेट

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** जयपुर में रेलवे भर्ती बोर्ड के एग्जाम के दौरान दो कैंडिडेट को ब्लूटूथ डिवाइस से नकल करते पकड़ा गया। दोनों कैंडिडेट आमेर स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज आए थे। कॉलेज में एग्जाम के दौरान तलाशी के दौरान दोनों कैंडिडेट ने अंडर गारमेंट में डिवाइस छिपाया हुआ था। आमेर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एडि. डीसीपी (नॉर्थ-2) बजरंग सिंह कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि कॉम्पिटिशन एग्जाम में चीटिंग करते आरोपी रामवीर मीना (21) निवासी बिदरवाडा दौसा और हेतराम मीना ( 35) निवासी उनियारा टोंक को पकड़ा गया है। 29 दिसम्बर को कुकस स्थित आर्या इंजीनियरिंग कॉलेज में आरआरबी टेक्नीशियन-111 का रेलवे भर्ती बोर्ड का एग्जाम था। सुबह 9 से 10.30 बजे पहली पारी का एग्जाम चल रहा था। सभी कैंडिडेट को मेन गेट पर दो लेयर तलाशी के बाद कॉलेज में एंट्री दी थी। एग्जाम के दौरान अलग-अलग कम्प्यूटर लैब में बैठे दो कैंडिडेट पर



डाउट हुआ। तलाशी लेने पर दोनों कैंडिडेट ब्लूटूथ डिवाइस से चीटिंग करते मिले। चैकिंग के दौरान चीटिंग करते मिले दोनों कैंडिडेट से ब्लूटूथ डिवाइस जब्त किए गए। पूछताछ में सामने आया कि कॉलेज में एंट्री से पहले मेन गेट पर तलाशी ली गई थी। तलाशी में ब्लूटूथ डिवाइस पकड़ में नहीं आए, इसलिए अंडर गारमेंट में छिपाया था। कॉलेज में एंट्री के बाद बाथरुम में जाकर ब्लूटूथ डिवाइस को निकाल बायोमेट्रिक करवाकर अपनी-अपनी सीट पर बैठ गए थे।

## इनकम टैक्स फाइल करने की तारीख 15 जनवरी तक बढ़ी

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** सरकार ने बिलेटेड इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) फाइल करने की आखिरी तारीख को 31 दिसंबर से बढ़ाकर 15 जनवरी कर दिया है। अब लेट फीस के साथ 15 जनवरी 2025 तक आईटीआर भर सकते हैं। यदि किसी टैक्सपेयर ने पहले ही अपना आईटीआर दाखिल कर दिया है, लेकिन बाद में पता चलता है कि इसमें गलतियां हैं, तो वे भी अब 15 जनवरी तक रिवाइज्ड रिटर्न दाखिल कर सकते हैं। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बिना किसी लेट फीस के आईटीआर फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई थी। यदि आपने 2023-24 का आईटीआर अब तक फाइल नहीं किया है तो लेट फीस के साथ 15 जनवरी तक फाइल कर सकते हैं। यदि कुल आय 5 लाख से कम है तो आपको 1,000 रुपए लेट फीस देनी होगी। कुल आय 5 लाख रुपए से ज्यादा हो तो 5,000 रुपए की लेट फीस देनी होगी।

## जमानत पर चल रहे ट्रेनी एसआई भी लेंगे प्रैक्टिकल ट्रेनिंग

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** एसआई भर्ती 2021 में चयनित सभी ट्रेनी एसआई को उनके आवंटित जिलों में भेजा जा रहा है। इनमें पेपरलीक के आरोप में जमानत पर चल रहे 25 ट्रेनी एसआई भी शामिल है। पुलिस मुख्यालय ने ट्रेनिंग पूरी कर चुके सभी ट्रेनी सब इंस्पेक्टर को जिलों में भेजने के आदेश जारी किए हैं। पुलिस भर्ती और पदोन्नति बोर्ड एडीजी विपिन कुमार पांडेय की तरफ से जारी आदेशों में 2021 के सभी ट्रेनी एसआई को प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के लिए आवंटित रेंज के जिलों में भेजने को कहा है। आदेश के मुताबिक बेसिक ट्रेनिंग पूरी होने के बाद प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के लिए भेजा जा रहा है। एडीजी ने इसके लिए राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) जयपुर, राजस्थान पुलिस ट्रेनिंग सेंटर जोधपुर और किशनगढ़ को चिट्ठी लिखी है। इन तीनों सेंटर्स पर एसआई की ट्रेनिंग हो रही थी।

## ओपी चौटाला की रस्म पगड़ी, अभय चौटाला को बताया उत्तराधिकारी

जनमार्ग न्यूज



**तेजाखेड़ा।** हरियाणा के 5 बार सीएम रहे ओपी चौटाला की रस्म पगड़ी और श्रद्धांजलि सभा मंगलवार (31 दिसंबर) को सिरसा के चौटाला गांव में हुई। जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय, सीएम नायब सैनी, पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल, पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत बादल भी पहुंचे। उन्होंने चौटाला के हरियाणा की राजनीति में दिए योगदान को याद किया। सभा में ओपी चौटाला के जीवन पर 5 मिनट की डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। जिसके अंत में ओपी चौटाला का अभय चौटाला को इनेलो का उत्तराधिकारी घोषित करने का पुराना वीडियो भी दिखाया गया। इस सभा में किसान नेता राकेश टिकैत ने पूरे परिवार को एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार का ही नारा है कि बंटोगे तो कटोगे, इसलिए परिवार को इकट्ठा होना चाहिए। सभा में सीएम नायब सैनी ने कहा कि ओपी चौटाला का पूरा जीवन खुली किताब रहा है। उन्होंने हरियाणा के लिए संघर्ष किया, विकास को नई दिशा देने का काम किया। उन्होंने गौरवशाली जीवन व्यतीत किया और हमें दिशा देकर गए। ऐसी दिवंगत आत्मा, जिनसे हमें भी सीखने को मिलता है। उन्होंने समाज हित में अपना पूरा योगदान दिया। वे हमें रास्ता देकर गए हैं, हम सब उस पर मिलकर चलेंगे।

## यमन में भारतीय नर्स की फांसी को राष्ट्रपति की मंजूरी

जनमार्ग न्यूज

**सना।** यमन में कैद भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को मिली मौत की सजा को वहां के राष्ट्रपति ने मंजूरी दे दी है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसकी पुष्टि की है। विदेश मंत्रालय ने आश्वासन दिया है कि सरकार इस मामले में हर संभव मदद मुहैया करा रही है। केरल की रहने वाली निमिषा पर यमन के एक नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या का आरोप है। निमिषा ने 2017 में महदी को ड्रग का ओवरडोज देकर मार दिया था। निमिषा और महदी यमन में एक प्राइवेट क्लिनिक में पार्टनर थे। आरोप है कि महदी ने निमिषा का पासपोर्ट कब्जे में ले रखा था और उसे प्रताड़ित करता था। निमिषा को एक महीने के अंदर सजा दी जाएगी। निमिषा ने 2008 में नर्सिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद केरल में ही जॉब करना शुरू की थी। 2011 में उन्होंने केरल की टॉमी थॉमस से शादी की थी। इसके बाद दोनों 2012 में यमन चले गए थे।



## नए साल से पहले टूटे सोने-चांदी के दाम

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** दुनियाभर में आई स्थिरता के बाद कीमती धातुओं की डिमांड में कमी आई है। यही कारण है कि नए साल से पहले सोने और चांदी की कीमत में बड़ी गिरावट हुई है। जिसके बाद राजस्थान में 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत घटकर कर जहां 78 हजार 300 रुपए पर पहुंच गई है। वहीं चांदी प्रति किलो की कीमत में 1600 की कमी आई है इसके बाद एक किलो चांदी की कीमत घटकर 88 हजार 600 रुपए पर आ गई है। जयपुर के सर्राफा व्यापारी राकेश खंडेलवाल ने बताया कि भारतीय बाजार में भी त्यौहारी सीजन खत्म हो गया है। वहीं दुनियाभर में भी सोने और चांदी की डिमांड में कमी आई है। यही कारण है कि सोने और चांदी दोनों की कीमत में कमी का सिलसिला शुरू हुआ है।

## ग्वार गम और कोरमा से भरे ट्रक में गुजरात भेजी शराब

● ट्रक बठिंडा से अवैध शराब ले जाते पकड़ा गया ● हनुमानगढ़ के व्यापारी का आधा माल गायब, आधा आबकारी विभाग के कब्जे में

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ जंक्शन के एक व्यापारी ने लगभग 10 लाख रुपए मूल्य का ग्वार गम और ग्वार कोरमा श्रीगंगानगर की एक ट्रांसपोर्ट कंपनी से मंगवाए ट्रक में लोड करवा कर मेहसाना (गुजरात) को रवाना किया, मगर यह ट्रक बठिंडा से अवैध शराब लेकर वापस हनुमानगढ़ जिले से होकर गुजरात जाते हुए आबकारी विभाग की पकड़ में आ गया। उसमें 400 पेटी अवैध शराब बरामद हुई जबकि व्यापारी द्वारा लोड करवाया गया आधा माल गायब हो गया। व्यापारी ने ट्रक के मालिक के खिलाफ जंक्शन थाना में मुकदमा दर्ज करवाया है। जंक्शन पुलिस के अनुसार रीको फेज 2 में शिव शक्ति इंडस्ट्रीज के संचालक दिनेश कुमार गुप्ता (57) निवासी दुर्गा कॉलोनी द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर ट्रक (आरजे 24 जीए 2385) के मालिक एवं चालक बुद्धाराम निवासी



कलिराणानगर, भोजासर तहसील फलोदी जिला जोधपुर के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मुकदमा दर्ज किया गया है।दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि उक्त ट्रक श्रीगंगानगर में ट्रांसपोर्टर जय श्रीराम ट्रांसपोर्ट कंपनी द्वारा भेजा गया था, जिसमें उसने 250 क्विंटल ग्वार गम और ग्वार कोरमा लोड करवा कर 19 दिसंबर को मेहसाना (गुजरात) की एक फर्म के लिए रवाना किया था।ट्रक में लोड किए गए माल की कीमत 9 लाख 94 हजार 250 रूपए।उसने 50-50 किलो पैकिंग के 500 कट्टे लोड करवाए गए थे।जब 7 दिन बाद भी ट्रक गंतव्य पर नहीं पहुंचा तो संपर्क करने पर भी चालक और मालिक से संपर्क नहीं हो पाया। माल सहित ट्रक गायब हो गया। दिनेश गुप्ता द्वारा कल शाम जंक्शन थाना में दर्ज करवाए गए इस मामले की जांच कर रहे एएसआई राजाराम ने बताया कि दरअसल 19 दिसंबर को ग्वार गम और कोरमा का माल लोड होने के बाद ट्रक सीधे मेहसाना (गुजरात) नहीं गया बल्कि उसे चालक बठिंडा (पंजाब) ले गया।वहां से ट्रक में अंग्रेजी शराब की 400 पेटियां लोड कर ली। वापस जब यह ट्रक बठिंडा से संगरिया होते हुए हनुमानगढ़ आ रहा था तब 20-21 दिसंबर की रात को रास्ते में आबकारी निरोधक पुलिस ने उसे पकड़ लिया। ट्रक में ग्वार गम और कोरमा के कट्टों में छुपा कर रखी हुई 300 पेटी मैकडॉवेल नंबर एक और 100 पेटी रॉयल स्टैग शराब बरामद हुई।

## करणी माता मंदिर में सावन भादो कढ़ाई महाप्रसादी

जनमार्ग न्यूज



**बीकानेर।** बीकानेर के देशनोक करणी मंदिर में सावन भादो कढ़ाई महाप्रसादी बनाई जा रही है। इस बार 17500 किलो का दाल का हलवा बनाया जाएगा। इस प्रसाद को करणी माता के श्रद्धालुओं में नए साल के पहले दिन वितरित किया जाएगा। इससे पहले आज मंदिर में कथा हो रही है। मान्यता है कि मनोकामना पूरी होने पर भक्त सावन भादो कढ़ाई का भोग बनवाते है। दावा है कि ये विश्व का सबसे बड़ा भोग होगा। प्रसाद ग्रहण करने जयपुर, जोधपुर, नागौर सहित राज्यभर से भक्तों का आना शुरू हो गया है। देशनोक के अधिकांश होटल और धर्मशालाएं बुक हो चुकी है। देशनोक के करणी बाग पैलेस के महंत डॉ. करणी प्रताप सिंह ने बताया- हर साल देशनोक में कन्या पूजन का आयोजन होता है। इसके बाद एक जनवरी को प्रसाद चढ़ाया जाता है। इस आयोजन को 25 साल पूर्ण होने पर दुनिया का सबसे बड़ा भोग चढ़ाया जा रहा है। पिछले 100 सालों में ये पहला मौका है, जब दाल का हलवा तैयार किया जा रहा है।

## सम्पादकीय

### सबसे बुरा विमान हादसा

अब तक हादसे के कारणों की जांच चल रही है। असली वजह बाद में ही सामने आएगी, लेकिन अब तक आ सकी खबरों के मुताबिक संभवतः मौसम खराब होने और किसी पक्षी के टकराने से उतरने की प्रक्रिया में विमान ने संतुलन खो दिया और हवाईपट्टी से फिसल कर दीवार से जा टकराया। दक्षिण कोरिया में हुए विमान हादसे से एक बार फिर यही रेखांकित हुआ है कि तकनीकी मामलों में मानवीय स्तर पर हुई मामूली चूक भी एक बड़ी त्रासदी का कारण बन सकती है। वहां रविवार को मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरते वक्त एक विमान हादसे का शिकार हो गया और उसमें आग लग गई। जेजू एअर का यह विमान बैंकाक से दक्षिण कोरिया वापस आ रहा था और इसमें चालक दल के छह सदस्यों सहित कुल एक सौ इक्यासी लोग सवार थे। इनमें एक सौ उन्यासी लोगों की जान चली गई और मलबे में फंसे चालक दल के सिर्फ दो सदस्यों को जिंदा निकाला जा सका। अब तक हादसे के कारणों की जांच चल रही है। असली वजह बाद में ही सामने आएगी, लेकिन अब तक आ सकी खबरों के मुताबिक संभवत- मौसम खराब होने और किसी पक्षी के टकराने से उतरने की प्रक्रिया में विमान ने संतुलन खो दिया और हवाईपट्टी से फिसल कर दीवार से जा टकराया। कारण जो हो, आपात स्थिति से सही तरीके से निपट पाने में प्रबंधकीय चूक की बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। हालांकि दक्षिण कोरिया की विमान सेवाओं को दुनिया की सबसे सुरक्षित सेवाओं में माना जाता है, मगर मुआन में हुई दुर्घटना को वहां के इतिहास के सबसे बुरे हादसों में से एक बताया जा रहा है। यह साफ है कि बहुत कुछ अचानक पैदा हुई परिस्थितियों पर निर्भर करता है। इसका सामना करने में संपूर्ण कौशल ही यह सुनिश्चित करता है कि किसी विमान सेवा के सुरक्षित होने का स्तर क्या है। पिछले कुछ समय में लगातार ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें किसी तकनीकी गड़बड़ी की वजह से कोई विमान हादसे का शिकार हो गया या फिर उसे आपात स्थिति में उतारा गया। ऐसी घटनाओं को हादसे के रूप में दर्ज किया जाता है, जबकि विमान सेवा में सबसे जरूरी पहलू यही है कि उसमें हर स्तर पर, सौ फीसद सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने के बाद ही किसी विमान को यात्रियों को अपने गंतव्य पर ले जाने की इजाजत होनी चाहिए।

# वैश्विक तनाव के नाम रहा यह वर्ष

**विश्व परिदृश्य में यह वर्ष भू-राजनीतिक तनावों और युद्धों के नाम रहा। घोषित और अघोषित युद्धों से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सबसे बड़ा नुकसान महिलाओं और बच्चों का होता है। युद्धों से किनारा चाहने वाले लोगों के लिए इस तरह के युद्ध एक तरह से उपद्रव होते हैं, इसलिए विश्व शांति हेतु लोगों में समरसता का भाव जगाना और विश्व को मानव निर्मित आपदाओं से बचना हम सब की जिम्मेदारी है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की ऐतिहासिक जीत के बाद से ही विचारों के लिहाज से दुनिया दो ध्रुवों में बंटी नजर आ रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले नए वर्ष का सूर्य विश्व परिदृश्य में शांति की रोशनी और नया उजास लेकर आएगा।**

वर्ष 2024 का सूर्य धीरे-धीरे अस्ताचल की ओर जा रहा है। विश्व परिदृश्य में यह वर्ष भू-राजनीतिक तनावों और युद्धों के नाम रहा। घोषित और अघोषित युद्धों से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सबसे बड़ा नुकसान महिलाओं और बच्चों का होता है। युद्धों से किनारा चाहने वाले लोगों के लिए इस तरह के युद्ध एक तरह से उपद्रव होते हैं, इसलिए विश्व शांति हेतु लोगों में समरसता का भाव जगाना और विश्व को मानव निर्मित आपदाओं से बचना हम सब की जिम्मेदारी है।

राजनीति के गलियारों में यह वर्ष भारत में लोकतंत्र के महापर्व में आहुति देने के नाम रहा। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और उन्होंने कूटनीति और संवाद के जरिए विश्व समुदाय के बीच आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्तरों पर समन्वय स्थापित करते हुए, विश्व परिदृश्य में फैली अराजकता को समाप्त करने का प्रयास किया। इस वर्ष रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'आर्डर ऑफ सेंट एंड्यू द एपोस्टल'और इस साल के अंत में कुवैत यात्रा पर उन्हें कुवैत का प्रतिष्ठित नाइटहुड सम्मान 'ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से भी नवाजा गया। उधर अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की ऐतिहासिक जीत के बाद से ही विचारों के लिहाज से दुनिया दो ध्रुवों में बंटी नजर आ रही है। ट्रंप का अभी शपथ ग्रहण समारोह होना बाकी है। उनके सत्ता संभालने के बाद भू-राजनीतिक हलकों में ऊंट किस करवट बैठेगा; यह नया साल ही बताएगा। इस वर्ष राजनीति का विद्रूप चेहरा रहे कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की भारत विरोधी नीतियों के चलते दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में तनाव भी देखने को मिला। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के रूप में शेख हसीना का इस्तीफा और फिर उनका भारत में शरण लेना दक्षिण एशियाई भू-राजनीति में एक नए मोड़ के रूप में नजर आ रहा है।

रूस-यूक्रेन के बीच 1041 दिन से चल रहे महायुद्ध में लाखों लोग मारे गए और हजारों विस्थापित हुए। अमेरिका और पश्चिमी देशों के सहयोग से छोटा-सा देश यूक्रेन जंग के मैदान में रूस को बराबर टक्कर दे रहा है। यूक्रेन ने रूस की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले शहर कजान पर ड्रोन से 9/11 जैसा हमला करके अपने इरादे साफ़ कर दिए हैं। इस युद्ध को रोकने के लिए रूस और यूक्रेन को शांति वार्ता और युद्ध विराम हेतु एक मंच पर लाने के लिए भारत अपनी ओर से लगातार प्रयासरत है।

उधर मध्य-पूर्व एक साल से भी ज्यादा समय से आग में धधक रहा है। 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा किए गए हमले में इजराइल के 1250 नागरिक मारे गए थे और 250 को बंधक बना लिया गया था। अपने बंधक नागरिकों को छुड़ाने के लिए इजराइल ने गाजा पट्टी में सैन्य अभियान शुरू किया तो गाजा पट्टी को खंडहरों में तब्दील कर दिया। आईडीएफ की रिपोर्ट के मुताबिक गाजा पट्टी में 17000 हमास लड़ाके और 45000 से ज्यादा आम नागरिक मारे गए। गाजा पट्टी में तो भुखमरी और विस्थापन की समस्या उत्पन्न हो गई है। अस्सी प्रतिशत आम फिलिस्तीनी नागरिकों ने विस्थापन कर



लिया है। गाजा की आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है। इधर लेबनान से हिज्बुल्लाह ने इजराइल पर रॉकेट बरसाकर आग में घी का काम किया। लिहाजा, इजराइल ने वहां पर भी ग्राउंड और हवाई ऑपरेशन शुरू कर दिया था। इजराइल के साथ युद्ध में दक्षिणी लेबनान का बुनियादी ढांचा बिखर चुका है। हालांकि अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता के चलते अब इजराइल और हिज्बुल्लाह में 60 दिन के युद्ध विराम की घोषणा भी हो चुकी है। इजराइल हिज्बुल्लाह को लेबनान के दक्षिण में लितानी नदी से आगे नहीं बढ़ने देना चाहता है। इजराइल वहाँ पर लेबनानी सेना की उपस्थिति चाहता है।

इस बीच युद्ध के चलते लेबनान में अब तक 4000 आम नागरिक और 400 हिज्बुल्लाह लड़ाके मारे गए और लगभग 12 लाख लोग विस्थापित हो चुके थे जो अब धीरे-धीरे लेबनान में अपने घरों की ओर लौट रहे हैं। इधर हमास और हिज्बुल्लाह के साथ जंग के मैदान में इजराइल के 1000 के करीब सैनिक मारे गए। इजराइल ने गाजा और लेबनान सीमा क्षेत्र से अपने 60000 नागरिकों को विस्थापित कर लिया। इजराइल-हिज्बुल्लाह में युद्ध विराम होते ही अगले ही दिन सीरिया में गृह युद्ध का प्रेत फिर जागा और 12 साल तक गृह युद्ध की आग में झुलसते रहे सीरिया में एक बार फिर सिविल वॉर के जख्म हरे होने के साथ ही वहां के सशस्त्र विद्रोही गुट हयात तहरीर अल-शामयानी एचटीएस ने वहां की असद सरकार और सेना के खिलाफ मोर्चा खोला और मात्र नौ दिन में ही दमिश्क सहित पूरे सीरिया की सत्ता अपने हाथों में ले ली। सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद को सीरिया छोड़कर रूस में शरण लेनी पड़ी। लेबनान के बाद सीरिया में एक नया वॉर फ्रंट खुल गया है। सीरिया में हुआ यह गृह युद्ध प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका रूस के बीच चल रहे तनाव का परिणाम था, जिसमें रणनीतिक रूप से अमेरिका की जीत हुई। असद सरकार को रूस, ईरान, इराक और हिज्बुल्लाह का समर्थन प्राप्त था जबकि सीरिया में विद्रोही गुट एचटीएस को अमेरिका, ब्रिटेन और इजराइल का समर्थन प्राप्त था। इधर भारत के दो पड़ोसी देशों पाकिस्तान और बांग्लादेश में राजनतिक अस्थिरता का माहौल बना हुआ है। पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में आए दिन आम नागरिक मारे जा रहे हैं। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं को निशाने पर लिया जा रहा है। हिंदू मंदिरों और घरों में आगजनी एवं लूटपाट की घटनाएं वहां आम बात हो गई हैं। भारत के लिए चिंता का विषय यह कि बांग्लादेश फिर से कहीं आतंकवादियों के लिए लॉन्चिंग पैड न बन जाए। इस वर्ष यूरोप के कई देशों में शरणार्थियों की वजह से भी अराजकता का माहौल बना रहा। साल का अंत होते-होते एशिया में पाकिस्तान- अफगानिस्तान के बीच स्थित डूरंड रेखा पर युद्ध का नया फ्रंट खुल गया है। अफगानिस्तान ने युद्ध के लिए अपने 15000 सशस्त्र लड़ाके, रॉकेट लांचर और टैंक डूरंड रेखा पर तैनात कर दिए हैं। लिहाजा, एशिया में अस्थिरता बढ़ने की संभावना है। रईसी और ईरान के विदेश मंत्री की 19 मई को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इस घटना को इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद से जोड़कर देखा गया। उधर चीन और ताइवान के बीच सीमा पर तनाव बना रहा। दक्षिणी कोरिया में मार्शल लॉ लगाने वाले राष्ट्रपति यून सूकयोल को पद से निलंबित कर दिया गया। यह वर्ष इसलिए भी याद रखा जाएगा कि दर्दनाक यादों के बावजूद वर्षों से अब तक शांति का विकल्प तलाश रहे जापान के हिबाकुशा लोगों के संगठन 'निहोन हिडानक्यो' को इस वर्ष का शांति का नोबेल पुरस्कार दिया गया। यह पुरस्कार ऐसे समय दिया गया जब विश्व समुदाय परमाणु खतरे के साथ तीसरे विश्व युद्ध की आहट सुन रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले नए वर्ष का सूर्य विश्व परिदृश्य में सार्वभौमिक विषयों पर संवाद के साथ शांति और समन्वय की रोशनी और नया उजास लेकर आएगा।

## नव वर्ष में विकास में छलांग की असीम संभावनाएं

भारत के लिए नूतन वर्ष 2025 कई क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियों का बड़ा तोहफ़ा लाने वाला साल साबित हो सकता है। भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था की तरफ लंबी छलांग लगा सकता है। सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाएं देने में भी हम सारे संसार का नेतृत्व करने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसी तरह भारत विश्व भर के पर्यटकों के लिए एक सुरक्षित और सस्ता आकर्षण का केंद्र भी बन सकता है जहाँ पर्यटकों की रुचि के तमाम केंद्र , हर तरह के खान- पान, स्थानीय कुटीर उद्योगों के उत्पाद और गाइड के रूप में अच्छे पढ़े लिखे बढ़िया अंग्रेजी जानने बोलने वाले विद्यमान हैं, जो एक साथ मुश्किल से ही किसी एक देश में मिल सकते हैं। इनके अलावा भी बहुत सारे क्षेत्रों में हमारे लिए आगे बढ़ने का अनुपम अवसर बन रहे हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था डिजिटल होती जा रही है। इसके तहत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, डिजिटल साक्षरता, और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है। 2025 तक, भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा, और डिजिटल वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में तेजी आएगी। भारत में ई-कॉमर्स का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। 2025 में इसके और परिपक्व होने की उम्मीद है। डिजिटल भुगतान को भी सरकारी स्तर पर पर्याप्त बढ़ावा दिया जा रहा है। 2025 में भारत में डिजिटल लेनदेन की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत में 5जी तकनीक के प्रयोग में तेजी से विस्तार हो रहा है। 2025 तक, इसका व्यापक रूप से उपयोग होने लगेगा इसकी उम्मीद है। डिजिटल परिवर्तन के साथ, साइबर सुरक्षा भी महत्वपूर्ण हो गई है। 2025 तक भारत इस क्षेत्र में और अधिक मजबूत हो सकता है, जो डेटा सुरक्षा और साइबर अपराधों को रोकने में मदद करेगा। भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग बढ़ रहा है। 2025 तक, कई संगठन क्लाउड-आधारित समाधानों को अपनाएंगे, जो लचीलापन और कम लागत पर असीमित दक्षता प्रदान करेंगे। आप मानकर चल सकते हैं कि नूतन साल में आईटी पेशेवरों की संख्या बढ़ती ही रहेगी। नए साल में यह क्षेत्र और अधिक कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों को आकर्षित कर सकता है। मेक इन इंडिया भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने पर केंद्रित है। सरकार विदेशी निवेश को आकर्षित करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नीतियां बना रही है। 2025 में भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल्स, और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है। रक्षा विनिर्माण में भी सरकार आत्मनिर्भरता हासिल करने पर जोर दे रही है। घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। भारत रक्षा उपकरणों का एक प्रमुख निर्यातक बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। भारत सरकार सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों, और हवाई अड्डों जैसे परिवहन बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक, देश में बेहतर परिवहन कनेक्टिविटी होगी, जिससे व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। भारत नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों, जैसे सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा, के विकास पर जोर दे रहा है। सरकार का लक्ष्य 2025 तक ऊर्जा सुरक्षा हासिल करना और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना है। भारत में शहरीकरण भी तेजी से हो रहा है। 2025 तक, स्मार्ट शहरों में बेहतर बुनियादी ढांचे, जल आपूर्ति, स्वच्छता, और सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाएं होंगी। आयुष्मान भारत योजना देश के लाखों लोगों को स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करती है। 2025 तक, भारत में स्वास्थ्य सेवा में सुधार की उम्मीद है, जिसमें बेहतर अस्पताल, डॉक्टरों और दवाओं की पहुंच शामिल है। भारत में कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ रहा है। शिक्षा के लिए भी 2025 बेहद अहम हो सकता है। सरकार ने हाल ही में एक नई शिक्षा नीति शुरू की है, जिसका उद्देश्य शिक्षा प्रणाली में सुधार करना है। यह नीति कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा, और अनुसंधान पर केंद्रित है। 2025 तक, नई शिक्षा नीति से शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है। 2025 तक ऑनलाइन शिक्षा और अधिक सुलभ होने की उम्मीद है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि भारत 2025 तक एक आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर है। डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण, बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में प्रगति से देश के विकास को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, सरकार को अभी भी गरीबी, असमानता और पर्यावरणीय चुनौतियों जैसी कई समस्याओं का समाधान करना बाकी है।

## भक्ति के लिए मन का शुद्ध होना बेहद जरूरी

एक सवाल करने वाले मन के साथ, एक संदेह करने वाले मन के साथ भक्ति की कोशिश मत कीजिए। यह जीवन की बर्बादी होगी।आज की दुनिया में, लोग इस तरह के बने हैं अगर भगवान सामने प्रकट होता है, वे उसके सामने समर्पण नहीं करेंगे, वे छानबीन करने की मांग करेंगे। वह वाकई भगवान है या नहीं? इस तरह के मन के साथ आप भक्त नहीं बन सकते।भक्ति आपकी भावनाओं को इतना मधुर बनाने के लिए है कि आपके जीवन का अनुभव सुंदर हो जाए लेकिन अभी, भक्ति के रूप में जो हो रहा है वह बस एक धोखा है। भक्ति के बारे में लोगों की सोच यह है, भगवान मैंने आपके लिए नारियल फोड़ा है, आप मुझे कल क्या देने वाले हैं? यह भक्ति नहीं है, यह एक खराब सौदा है। मान लीजिए आपके साथ मैं एक सौदा करने की कोशिश करता हूं। जहां मैं आपको दस रुपए देता हूं लेकिन आपको मुझे दस करोड़ रुपए देने होंगे। क्या आप इस सौदे को करने को इच्छुक होंगे? हर कोई भगवान के साथ इसी किस्म का सौदा करने की कोशिश कर रहा है। आप इतने चतुर तो हैं ही कि आप मेरे साथ ऐसा सौदा नहीं करेंगे। मैं चाहता हूं कि आप जान लें कि वो भी ऐसा सौदा नहीं करता। एक भक्त का अपना कोई एजेंडा नहीं होता। उसका एकमात्र लक्ष्य होता है कि वह अपनी भक्ति की वस्तु में, अपने इष्टदेव में विलीन हो जाना चाहता है। उसका अपने जीवन में कोई दूसरा उद्देश्य नहीं होता। सिर्फ तभी भक्ति आपके लिए काम करेगी।

## देह व मन दोनों पवित्र, उसकी सुनते हैं महादेव

मंदिर में जाकर नित्य नियम से दर्शन करने वाले भक्त पर भी महादेव जी उतने प्रसन्न नहीं होते, जितने उस व्यक्ति पर, जो जाति और धर्म का लिहाज छोड़कर एक ही दरिद्र व्यक्ति को शिव समझकर सेवा करता है। अनुभव करना ही धर्म का प्राण है। यदि देह मन शुद्ध न हो तो मंदिर में जाकर महादेव की पूजा करना व्यर्थ है। जिसकी देह और मन दोनों पवित्र हैं, महादेव जी उनकी प्रार्थना सुनते हैं। जो अशुद्ध स्वभाव होने पर भी दूसरों को धर्म सिखाने का दावा करते हैं, उनकी बुरी गति होती है। ब्रह्म पूजा तो मानस पूजा का सिर्फ बाहरी अंग है, मानस पूजा और चित्त शुद्धि ही असल चीज है। यदि यह न हो तो बाहरी पूजा करने से कुछ भी लाभ नहीं। चित्त का शुद्ध होना और दूसरों के भले के लिए उद्योग करना ही सभी प्रकार की उपासनाओं का सार है। शिव की यथार्थ पूजा वे ही लोग करते हैं जो दरिद्र, दुर्बल और रोगी में शिव का दर्शन करते हैं और जो सिर्फ मूर्ति में ही शिव की पूजा करता है, वह निराप्रवर्तक है। व्याकुलता, ईश्वर प्राप्ति अथवा आत्मज्ञान के लिए उन्माद होना ही सच्ची धर्मपरायणता है। पराई सेवा पवित्र काम है। इस सत्कर्म के बल से चित्त शुद्ध होता है और सब के भीतर जो प्रभु निवास करते हैं, वे प्रकट हो जाते हैं। वे जो सभी के हृदय में विराजमान हैं। यदि शीशे के ऊपर धूल पड़ गई है या मैल जम गया है तो उसमें हम अपना स्पष्ट प्रतिबिंब नहीं देख सकते। हमारे दर्पण पर भी उसी तरह अज्ञान और पाप का मैल जम गया है। सब से बढ़कर मैल है, स्वार्थपरायणता पहले अपनी फिक्र करना।

# अपनी हेल्थ के साथ करें वैज्ञानिक प्रयोग

हेल्थ को लेकर जागरूकता बहुत जरूरी है। बात करते हैं उन लोगों की जिनकी लाइफ स्टाइल सिडेंटरी है यानी वो एक जगह बैठकर काम करते हैं। आपको करना ये है कि एक महीने के लिए चीनी यानी शुगर यानी किसी भी तरह की एडेड शुगर खाना बिलकुल छोड़ देना है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में 2016 में प्रकाशित एक स्टडी में चूहों पर एक प्रयोग किया गया। इसमें चूहों को दो समूहों में बांटा गया। एक को शुगर बेस्ड फूड दिया गया और दूसरे को चीनी से बिल्कुल दूर रखा गया। एक महीने बाद रिसर्चर्स ने दोनों ग्रुप के चूहों को पानी में छोड़कर देखा कि जो चूहे एक महीने तक चीनी खा रहे थे, उन्होंने अपनी जान बचाने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं की और वो डूबने लगे। जबकि दूसरे ग्रुप के चूहे फिजिकली ज्यादा एक्टिव थे। वे तैरकर, कूदकर पानी से निकलने की कोशिश कर रहे थे। रिसर्चर्स ने पाया कि शुगर ने चूहों की फिजिकल एक्टिविटी और कॉग्निटिव फंक्शन को कमजोर कर दिया था। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के एंडोक्रोनोलॉजी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर रॉबर्ट लस्टिग अपनी किताब 'फैट चांस' में लिखते हैं किइसे आप अपने शरीर पर किया गया एक वैज्ञानिक प्रयोग समझ लीजिए। यह जानने के लिए कि दुनिया भर की साइंस रिसर्च शुगर को लेकर हमें जो चेतावनी दे रही हैं, उनमें कुछ सच्चाई है भी या नहीं। हाथ कंगन को आरसी क्या। याद है, बचपन में विज्ञान की किताब में पढ़ते थे कि 'विज्ञान आओ करके सीखें।' यह प्रयोग सिडेंटरी लाइफ स्टाइल वाला 18 साल से ऊपर का कोई भी व्यक्ति कर सकता है। इसमें उम्र, जेंडर की कोई सीमा नहीं है। एक महीने के इस एक्सपेरीमेंट में आपको चीनी और एडेड शुगर से पूरी तरह परहेज करना है। सनद रहे, इस प्रयोग में एक भी चीट डे नहीं है। शुगर का अर्थ सिर्फ बाजार में बिकने वाली सफेद दानों वाली चीनी नहीं है। एडेड शुगर के बहुत सारे रूप होते हैं। ये सब चीनी को अलग-अलग तरीकों से प्रोसेस करके बनाए गए प्रोडक्ट हैं। यानी गन्ने के रस के चीनी बनने की प्रक्रिया में अलग-अलग चरणों में बने स्वीट प्रोडक्ट्स। चीनी का तो हमें पता होता है, लेकिन ऊपर दिए बाकी एडेड शुगर की पहचान कैसे होगी। कैसे पता चलेगा कि किसी प्रोडक्ट में ये सारे एडेड शुगर के फॉर्म हैं या नहीं। इस समस्या से निपटने का सबसे आसान तरीका है किसी भी प्रोडक्ट को खरीदते समय उसका लेबल पढ़ना। इसके अलावा नीचे दिए गए ग्राफिक में बताई चीजों को पूरी तरह अवॉइड करना है। आप किसी भी सुपरमार्केट में या किराने की दुकान पर चले जाइए। जितनी भी पैकेज्ड चीजें बिक रही हैं, सबमें एडेड शुगर है। यहां तक कि उनमें भी, जो स्वाद में नमकीन हैं। इसलिए कोई भी पैकेज्ड फूड नहीं खाना है। लेकिन इसका अर्थ ये नहीं कि



आपके टेस्ट बड्स को मीठे स्वाद से पूरी तरह वंचित कर दिया जाएगा। आप हर वो स्वाद में मीठी चीज खा सकते हैं, जिसे प्रकृति ने मीठा बनाया है। जैसेकि सभी प्रकार के फल, स्टार्ची वेजीटेबल्स जैसेकि शकरकंद। जो भी चीज पेड़-पौधों में नहीं उगी है और फैक्ट्री में बनी है, उसका मीठापन खतरनाक है। इस वन मंथ एक्सपेरीमेंट में हमें सिर्फ शुगर से ही नहीं, बल्कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड कार्ब और ट्रांस फैट से भी तौबा करना है। अल्ट्रा प्रोसेस्ड कार्ब मतलब वो कार्ब जिसका सारा फाइबर और न्यूट्रिएंट्स निकालकर उसे महीन मैदे जैसे पाउडर में तब्दील कर दिया गया है। पिज्जा, बर्गर, डोनट, ब्रेड, केक, पेस्ट्री, कुकीज ये सबकुछ अल्ट्रा प्रोसेस्ड कार्ब और ट्रांस फैट है। ये रेड अलर्ट है। इसे देखते ही आपके सारे एंटीने चौकन्ने हो जाने चाहिए। बतौर डॉ. मार्क हाइमन ये फूड नहीं, फूड के नाम पर ह्यूमैनिटी के खिलाफ कॉन्सपिरेसी है। इस प्रयोग में हम हर वो चीज खा सकते हैं, जो हमें प्रकृति ने दी है। सारे फल, सब्जियां, अनाज दालें, मसाले, दूध, घी, दही, ड्राय फ्रूट्स, नट्स, सीड्स वगैरह। एक बड़े आइरिश लेखक हुए हैं जॉर्ज बर्नार्ड शॉ। आपने नाम सुना होगा। बर्नार्ड शॉ की एक बात बड़ी कमाल की है। वो कहते हैं, प्रकृति से ज्यादा इंटेलीजेंट, संतुलित और विवेकवान और कुछ नहीं। मनुष्य का शरीर संसार की सबसे इंटेलीजेंट मशीन है। प्रकृति को पता है आपके शरीर की सारी जरूरतों का और उसने उस जरूरत को पूरा करने की सारी व्यवस्था भी कर रखी है। अगर आप एक महीने तक सफलतापूर्वक चीनी से दूर रहे हैं तो सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन की एक स्टडी के मुताबिक निम्नलिखित चीजें हो सकती हैं। इसके साथ ही उन सारे मेडिकल टेस्ट का रिजल्ट इंप्रूव होगा, जो आपने एक्सपेरीमेंट शुरू करने से पहले करवाया था। मॉर्निंग फास्टिंग शुगर, इंसुलिन, फैटी लिवर, कोलेस्ट्रॉल, लिवर, किडनी फंक्शन, सबकुछ इंप्रूव होगा। लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि इस वन मंथ एक्सपेरीमेंट के बाद आप अपनी पुरानी फूड हैबिट्स पर वापस लौट आएं। एक महीने का प्रयोग तो सिर्फ 'विज्ञान आओ करके सीखें' के लिए था। इस प्रयोग को अपनी ऑल टाइम हैबिट में शुमार करें।

# शिक्षकों के दायित्व और राष्ट्र संवर्द्धन में भूमिका पर किया मंथन

## शिक्षक संघ राष्ट्रीय का कार्यकर्ता विकास वर्ग संपन्न

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का दो दिवसीय संभाग स्तरीय कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रकृति सरंक्षण का संदेश प्रसारित करने वाले मुकाम, नोखा में संपन्न हुआ। इस विकास वर्ग में , श्रीगंगानगर, बीकानेर, हनुमानगढ़ और अनूपगढ़ जिले से संगठन के कार्यकर्ता शामिल हुए। जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र खिलेरी ने बताया कि दो दिवसीय शिविर में कुल नो सत्र आयोजित किए गए जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने शिक्षक के दायित्व और राष्ट्र संवर्धन में उनकी भूमिका पर चर्चा की।



प्रथम दिवस उद्घाटन सत्र बीकानेर जिलाध्यक्ष मोहनलाल भादू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य वक्ता प्रदेश सभाध्यक्ष संपत सिंह ने व्यक्ति निर्माण और कार्यकर्ता विकास के लिए वर्ग की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विकास वर्ग के आयोजन से कार्यकर्ताओं में संगठन कार्य के प्रति दृढ़ताएं बढ़ती है और संकल्प के प्रति समर्पण भी बढ़ता है। एक सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता संगठन की असली पूंजी है। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य ने कहा कि अभ्यास वर्ग किसी भी कार्यकर्ता का परिमार्जन करने व संवर्धन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कार्यकर्ता निर्माण में प्रवास की भूमिका और उसके महत्व से अवगत करवाया।

द्वितीय सत्र में पाथेय कण पत्रिका के संपादक श्याम सिंह ने कहा कि आज सोशल मीडिया पर नकारात्मक विमर्शों की भरमार है जबकि सकारात्मक कार्यों को बहुत कम स्थान मिलता है। उन्होंने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता बताया और उनकी अच्छे नागरिक तैयार करने में भूमिका को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हमें थिंक ग्लोबली और एक्ट लोकली के अनुसार विस्तृत चिंतन करते हुए हमारे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना चाहिए। राष्ट्र संवर्धन और संस्कार युक्त शिक्षा के लिए चुनौतियां एवं उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की।

चतुर्थ सत्र महिला विमर्श को लेकर रहा जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय गुरु जंभेश्वर सेवक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद धारणियां ने की। मुख्य वक्ता बबीता गौड़ ने अपने संबोधन में भारतीय सनातन संस्कृति में महिला के उच्चतम महत्व और भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पश्चिमी और वामपंथी नकारात्मक विमर्श के कारण भारतीय महिलाओं को कमतर बताने की कुचेष्टा की गई परंतु यदि हम अनादि काल से भारतीय महिला की भूमिका का अध्ययन करें तो हम पाएंगे कि उस काल में भी भारतीय महिलाओं को पढ़ने का अधिकार प्राप्त था, उन्हें युद्ध कला का ज्ञान था उन्हें शास्त्र और शस्त्र दोनों सिखाए जाते थे। भारतीय इतिहास उन शूरवीर, विदुषी महिलाओं के असंख्य उदाहरण से भरा पड़ा है।

पंचम सत्र की अध्यक्षता श्रीगंगानगर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र खिलेरी ने की। इस सत्र के मुख्य वक्ता संपत सिंह ने संगठन के कार्यकर्ताओं से शिक्षा हित और शिक्षार्थी हित में कार्य करते हुए राष्ट्र को परम वैभव तक ले जाने में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। षष्ठम सत्र की अध्यक्षता संभाग संगठन मंत्री कमलेश बिश्नोई ने की। मुख्य वक्ता अविनाश कुमार शर्मा ने संगठन की रीति नीति और संगठन के सामाजिक सरोकार और आंदोलनात्मक कार्यों पर प्रकाश डाला। जिला मंत्री इंद्राज गोदारा ने बताया कि द्वितीय दिवस का प्रारंभ सामाजिक सरोकार के पंच प्रण विषय पर विचार से प्रारम्भ हुआ जिसमें मुख्य वक्ता संभाग उपाध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई ने पंच प्रण के माध्यम से समाज और राष्ट्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु इन्हें अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जागरण और नागरिक कर्तव्य को अपनाकर समाज को नई दिशा देने का आह्वान किया। लालासर साथरी के महंत स्वामी सच्चिदानंद आचार्य ने अपने उद्बोधन में भक्तिकाल के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर चर्चा करते हुए गुरु जंभेश्वर भगवान की शिक्षाओं की वर्तमान संदर्भ में उपादेयता पर अपना प्रबोधन दिया।

# अग्र विकास परिषद की वर्षगांठ पर 'जशन 2024' आयोजित

❑ अग्र विकास परिषद के स्थापना दिवस पर हुआ आयोजन



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** एकता सद्भावना मित्रता के ध्येय वाक्य के साथ सामाजिक कार्यों में जुटी संस्था अग्र विकास परिषद की चौदवी वर्षगांठ के उपलक्ष में जशन 2024 का भव्य आयोजन मुख्य, माधुर्य व युवा शक्ति शाखा श्रीगंगानगर के तत्वाधान में जवाहरनगर स्थित परमादेवी गोयल भवन में भारी संख्या में उपस्थित के साथ भव्यता से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य शाखा अध्यक्ष राधेश्याम गणेशगढ़िया, महासचिव अनिल सिंघल, कोषाध्यक्ष दीपक शेरेवाला, पूर्व अध्यक्ष अजय गुप्ता व माधुर्य शाखा महासचिव मनीषा गोयल ने प्रथम पूजनीय गणेश जी महाराज व अग्र कुलप्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया।

तत्पश्चात गणेश वंदना के साथ इस कार्यक्रम का आगाज हुआ प्रणव गोयल द्वारा मनमोहक अंदाज में गणेश वंदना कर तालियां बटोरी मुख्य शाखा महासचिव अनिल सिंघल व माधुर्य शाखा महासचिव मनीषा गोयल ने मंच संचालन करते हुए बच्चों महिलाओं पुरुषों को विभिन्न रोचक गेम के माध्यम से खूब मनोरंजन करवाया भूमिजा ,आन्या आदि बच्चों की नृत्य प्रस्तुतियों व अन्य द्वारा सामूहिक व एकल नृत्य जैसे आयो रे आयो रे महारो ढोलना.. ये शाम मस्तानी.. नचना श्याम दे नाल.. आदी की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया गेम्स के विजेताओ व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान ही एवीपी के लिए उल्लेखनीय कार्य हेतू वर्ष 2024 के विभिन्न अवार्ड प्रदान किए गए इसमें मोस्ट एनरजेटिक एवीपी पूर्व अध्यक्ष कन्हैयालाल गर्ग, चीफ सपोर्टर एवीपी पवन अग्रवाल, हार्ड वर्कर एवीपी दीपक शेरेवाला, व स्टार आफ एवीपी श्रीमती मनीषा गोयल को प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राधेश्याम गणेगढ़िया, अनिल सिंघल, दीपक शेरेवाला, अजय गुप्ता, विजय गोयल ,अश्विनी बांसल योगाचार्य, प्रवीण बंसल, श्यामसुंदर बंसल, विष्णु सिंगल, अंजू सिंगल, पुष्पा शेरेवाला, राधेश्याम बंसल,चंद्र मोहन सिंगल, नीरज बंसल, नीरज शेरेवाला ,मनोज बंसल, पवन अग्रवाल, श्याम सुंदर बंसल, रवि टांटिया, रुपेश गोयल, सरिता झूंथरा, सविता गुप्ता, मधु गोयल, रोमा बंसल, पूनम बंसल सहित सहित मुख्य, माधुर्य में युवा शक्ति शाखा के सदस्यों ने भाग लिया।

# खाटू श्याम धाम मंदिर में संकीर्तन का आयोजन



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर श्याम संकीर्तन हुआ। मंदिर के मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि मंदिर प्रांगण में श्याम श्रद्धालुओं की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। बाबा श्याम के प्रति आस्था का केंद्र खाटू श्याम मंदिर बना हुआ है। मंदिर प्रांगण में हुये श्याम संकीर्तन में शहर के सभी प्रमुख भजन प्रवाहको राज चंदानी ,विशाल सोडा,दीपाशु शर्मा, विक्की शर्मा ने अपने भजनों के माध्यम से बाबा श्याम को रिझाया और आए हुए सभी श्रद्धालुओं को नृत्य करने पर मजबूर कर दिया। बाबा श्याम के बड़े सुंदर भावपूर्ण भजन, धमाल, अन्य भजनो के माध्यम से आए हुए श्रद्धालुंओ को निहाल किया। शेरेवाला ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के भोग बाबा को लगाकर आए हुए श्रद्धालुओं में वितरित किए गये। मंदिर के सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि आज नव वर्ष की पूर्व संध्या पर बाबा श्याम का विशाल जागरण मंदिर प्रांगण से जुड़े श्यामप्रेमियो द्वारा वेदप्रकाश जी लखोटिया के निवास स्थान पर रात्रि 9 बजे से नव वर्ष आगमन तक किया जायेगा।

# दीवाने फैंस क्लब की कार्यकारिणी गठित

## गीत-संगीत से सराबोर कार्यक्रम स्वागतम-2025 में विनीत सोनू जिंदल पुनः अध्यक्ष बने

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** दीवाने फैंस क्लब, श्रीगंगानगर द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में गीत-संगीत से सराबोर 'स्वागतम-2025' कार्यक्रम हर्षोल्लासपूर्वक धूमधाम से आयोजित किया गया। हनुमानगढ़ रोड स्थित होटल में हुए कार्यक्रम में सर्वसम्मति से वर्ष-2025 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में सफल कार्यकाल को देखते हुए विनीत सोनू जिंदल को पुनः अध्यक्ष नियुक्त किया गया। आईएमए अध्यक्ष डॉ. हरीश रहेजा को मुख्य संरक्षक, विद्यासागर गिदड़ा, डॉ. शैलेश गोयल, विजित मिगलानी, संदीप बाजोरिया व डॉ. सरिता उपनेजा को संरक्षक, केपी योगी को संयोजक तथा पवन गोयल को उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया।



संयोजक केपी योगी ने बताया कि इस मौके पर दीवाने फैंस क्लब को समय-समय पर दिए गए सराहनीय सहयोग के लिए आरपीएस डीएसपी साइबर सेल कुलदीप वालिया, आरपीएस डीएसपी (एससी एसटी सेल) विष्णु कुमार खत्री, आरपीएस डीएसपी एसीबी भूपेंद्र सोनी, केन्द्रीय कारागृह अधीक्षक अभिषेक शर्मा, समाजसेवी व पीसीसी सदस्य विकास गौड़, उद्यमी व समाजसेवी बलबीर जिंदल, श्रीमती बीना जिंदल, श्रीमती पूजा जिंदल, पूर्व पीएमओ डॉ. केशव कामरा, व्यवसायी विपिन अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, सुनीत जिंदल, नरेश गोयल, डॉ. राजेन्द्र जैन, एडवोकेट पूर्ण घोड़ेला, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर राकेश कुमार व केवल कृष्ण शर्मा को शॉल ओढ़ा कर तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन-सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में राजरमन वशिष्ठ, प्रदीप भारद्वाज तथा सुनील तनेजा ने अपनी सुरीली आवाज में एक से बढकर एक गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। पोमिता ने राजस्थानी नृत्य द्वारा अदभुत समां बांधा। सफल मंच संचालन राजरमन वशिष्ठ ने किया। कार्यक्रम के अंत में नववर्ष स्वागत के उपलक्ष्य में भव्य आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर अनिल गांधी, विमल बिहाणी, गौरव बक्शी, विजय झोरड़, राहुल जिंदल, मनीष गर्ग, रविन्द्र मोहन जसूजा, साबिर खान, डॉ. ओपी वैश्य, अमित बंसल, मुकेश जांगिड़, रोहित जोड़ा, चेतन शर्मा, विजेंद्र नैन, राजेन्द्र सिंह, रवि सिडाना, धीरज जिंदल, दीपक कागजी, मनीष जसूजा, रमेश चौधरी, गुरमुख सिंह, सतीशचन्द्र साहनी सहित दीवाने फैंस क्लब सदस्य तथा संगीतप्रेमी उपस्थित थे।

# बाबा दीप सिंह शहीद में होगा आगमन 2025 गुरु की गोद मे कीर्तन दरबार

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** हर वर्ष ही नववर्ष के उपलक्ष में 31 दिसंबर रात को गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह जी शहीद में आगमन 2025 गुरु की गोद मे कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाता है।

गुरुद्वारा के मुख्य सेवादार तेजिंदर पाल सिंह टिम्मा ने बताया कि 31 दिसंबर रात 7 से 12 बजे तक कीर्तन दरबार सजाया जाएगा। कीर्तन दरबार मे दरबार साहिब के हजूरी रागी भाई महादीप सिंह व आत्म रस कीर्तन कौंसिल के रागी साहिबान कीर्तन करेंगे।रात 12 बजे नववर्ष के आगमन पर सबसे पहले गुरु ग्रन्थ साहिब पर फूलों की वर्षा के बाद सरबत के भले की अरदास की जाएगी। फिर आतिशबाजी होगी व रंजीत अखाड़े के नौजवान गतके के जौहर दिखाएंगे। टिम्मा ने कहा कि नववर्ष पर पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव में लोग अपनी संस्कृति अपना गौरवमयी विरसा भूलते जा रहे हैं। हमारी परंपरा रही है कि हर नए काम की शुरुआत भजन बंदगी से करते हैं। ताकि हमारा आने वाला समय या काम सुखमय व्यतीत हो। पर पश्चिमी सभ्यता में लबरेज हम शराब-कबाब, होटल, कलबों व डांस पार्टियों में शमूलियत कर अपनी विशाल गौरवमयी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। इसी भावना के तहत 'नवां साल गुरु दे नाल' यह कार्यक्रम रखा गया है। ताकि लोग अपना विरसा हमेशां याद रखें और हर कार्य की शुरुआत गुरु चरणों मे अरदास से करें।

# रेसटा की चार सूत्री मांगों के समाधान की मांग

## सीएम,शिक्षा व कृषि मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** शिक्षक संघ एलिमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद के नेतृत्व में अतिरिक्त निदेशक आरएएस रणजीत सिंह गोदारा को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर,कृषि मंत्री डॉ.किरोड़ी लाल मीणा के नाम शिक्षको की चार सूत्री मांगो का ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की गई। प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम सुन्दर बिश्नोई ने बताया कि राज्य के शिक्षा विभाग में कार्यरत वरिष्ठ एवं बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक कैडर की पुनः समीक्षा करवाकर कैडर संशोधन व कैडर विस्तार करवाकर वेतन विसंगति दूर करने एवं विद्यालय स्तर पर हो रही समस्याओं के समाधान करने की मांग की गई। जिला महामंत्री पवन शर्मा व जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव यादव ने बताया कि व्याख्याताओं की काउंसलिंग में अपवर्ड मूवेंट का विकल्प दिया जाएं जिससे काउंसलिंग का समुचित लाभ सभी व्याख्याताओं को मिल सके व काउंसलिंग प्रक्रिया में राज्य व राष्ट्र स्तर पर सम्मानित शिक्षको को वरीयता देने की मांग की गई। गत वर्ष महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में जिलों की सही मैपिंग के भाव में सैंकडों चयनित शिक्षकों को पदस्थापित नहीं किया जा सका था। केवल खैरथल-तिजारा जिले के 70 से अधिक स्कूलों में सही मैपिंग के भाव में चयनित अध्यापकों को अब तक कार्यग्रहण नहीं करवाया गया चुंकि अब फिर से जिलों की संख्या बदल गई हैं और इनका सीमांकन बदल गया हैं। इसलिए जिला आवंटन से पहले राज्य के समस्त विद्यालयों की सही मैपिंग करवाई जाएं ताकि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष शिक्षकों के कार्यग्रहण की समस्या ना आएं। संगठन की ओर से उप निदेशक डॉ.रामगोपाल शर्मा से मिलकर महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के जल्द जिला आवंटन करवाने की मांग की गई। जिस पर उचित कार्यवाही का आश्वाशन दिया। ज्ञापन देने वालों में प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद,प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम सुन्दर बिश्नोई,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव,जिला महामंत्री पवन शर्मा, डॉ.हुक्मचंद कुमावत,मनीष शर्मा,गजानंद प्रजापत,अंकित जोशी, हेमंत सिंह, मयंक गौड़, वीरेंद्र सिंह,ताराचंद,विमल स्वामी,गजेंद्र यादव, विनय गोयल,रामदेव चौधरी, लखन,अनिल कुमार,सुरेन्द्र चौहान सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहें।



# नववर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** शहर की सबसे पुरानी राष्ट्रीय उत्थान रामलीला प्रबंध समिति का नववर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। रामलीला के अध्यक्ष पवन ओझा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सदस्य व कलाकार शामिल हुए। अध्यक्ष पवन ओझा व कोषाध्यक्ष नंदू झंवर ने सभी आंगुतकों का स्वागत करते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्श अपनाने का आह्वान किया।इस दौरान स्नेह भोज भी हुआ। रामलीला मंच पर हुए कार्यक्रम में प्रभारी राहुल देरासरी, विजेंद्र देरासरी, नारायण सिंह राठौड़, विनोद भारद्वाज, राजीव देरासरी, अमित देरासरी, सूर्य सोनी, विविधा संस्था के अध्यक्ष योगेश स्वामी, श्री अमरनाथ लंगर सेवा समिति के संरक्षक किशन स्वामी आदि उपस्थित थे।

# गाय को राष्ट्रीय गौ माता का दर्जा दिलाने के लिए गौ ध्वज की स्थापना



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** गौ माता को राष्ट्रीय गौ माता का दर्जा दिलाने के लिए चारों शंकराचार्य के गौ रक्षा दल ने अमावस्या के पावन पर्व पर श्री गौशाला में गौ ध्वज की स्थापना की गई। गौ रक्षा दल के सांसद ओमप्रकाश चौहान, गौ रक्षा विधायक पूर्व पार्षद श्रवण स्वामी, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष व गौ प्रधान सीताराम प्रजापत, गौ रक्षा दल के चैयरमेन महेंद्र नागर ने विधिवत पूजा अर्चना करके श्री गौशाला में गौ ध्वज की स्थापना करवाई। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष गौ प्रधान सीताराम प्रजापत ने बताया गाय माता को राष्ट्रीय गौ माता का दर्जा दिलाने और गाय की रक्षा के लिए चारों शंकराचार्य के सानिध्य में पूरे देश भर में अभियान चलाकर इलाके के लोगों को जोड़कर केंद्र सरकार से मांग की जाएगी। इस अवसर पर गौ भक्त सत्यनारायण सारस्वत, श्रीगंगानगर गौ रक्षा दल के विधायक राकेश सैन, रामकुमार शर्मा, विजय रिणवा, भंवरलाल स्वामी, मोहनलाल शर्मा,सुशील धानुका, सतपाल शर्मा, दिलीप कुमार, विजय, मोहित, कमलेश, सुमन, स्नेहा, अंजलि सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। गौ रक्षा दल के गौ सांसद ओम प्रकाश चौहान के नेतृत्व में पालीवाला, बीझवायला, नरसिंहपुरा में भी गौ ध्वज की स्थापना की गई। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष गौ रक्षा दल प्रधान सीताराम प्रजापत व गौ चैयरमेन महेंद्र नागर ने सभी का आभार प्रकट किया ।



नूतन वर्ष में हम सभी के मन में बहुत कुछ नया करने, नया पाने की इच्छा और सपने हैं। यह स्वाभाविक है। लेकिन हमें नएपन के मायने को सही ढंग से समझने की भी जरूरत है। कई बार पुरानेपन या कहें वो परंपराएं, जो हमें जीवंत बनाती हैं, जीवन में नए रंग भरती हैं, इनकी ओर लौटने पर एक अनूठे नएपन का अहसास देती हैं। क्यों न, नए वर्ष में हम इन्हें अपनाएं, जीवन को खूबसूरत बनाएं, खुशियों से भरें।

# नववर्ष नएपन के नए मायने

यह सही है कि आज हर ओर से चका-चौंध में घिरता मन, अब नई तरह की असहजता का शिकार बनता जा रहा है। गैजेट्स की स्क्रीन तक सिमटा संवाद और जुड़ाव असल में अकेलेपन को पोस रहा है। असल में वर्चुअल दुनिया की मौजूदगी एक बदलाव की तरह महिलाओं के जीवन का हिस्सा बनी लेकिन अब अनकहे से दबाव की वजह बन गई है। दुनिया से जोड़ने वाली इस खिड़की ने जाने कब अपने ही परिवेश से जुड़े रहने के द्वार बंद कर दिए। ऐसे में हर महिला को सहजता से जिंदगी का हाथ थामने की सोच रखनी होगी। कल से शुरू हो रहे नए साल में असल जीवन की ओर लौटने के लिए इस फ्रंट पर फिर एक नई शुरुआत की आवश्यकता है। इसलिए नए साल में थोड़े पुरानेपन की ओर लौटने के बारे में जरूर सोचें।

## परिवेश के जुड़ाव का नयापन

महिलाएं, सामाजिक-पारिवरिक माहौल की धुरी कही जाती हैं। लेकिन तकनीक ने आस-पड़ोस ही नहीं रिश्तेदारी के मेलजोल तक, महिलाओं को जमीनी जुड़ाव से अलग कर दिया है। ऐसे में इस फ्रंट पर कुछ नया करने का अर्थ ही, अपने माहौल से फिर जुड़ जाने का है। भारतीय जीवनशैली में आपसी मेलजोल का यह भाव महिलाओं को खुश और खुशहाल रखता आया है। उनकी मुस्कुराहटों को सहेजने वाला कंफर्ट जोन रहा है। नववर्ष में साझेपन की इस अपनी-सी दुनिया को फिर सजाने का संकल्प लें। नए साल का स्वागत करने का यह सबसे सुंदर-सार्थक तरीका है, क्योंकि छूटते रिश्तों से फिर जुड़ जाने की राह और अपने आस-पड़ोस से जुड़ाव की चाह हर तरह से सुखद होती है। महिलाओं के लिए तो अपने परिवेश में मिली मेलजोल और मित्रता की भावना सुरक्षा और संबल देने वाली होती है। खुशियां ही नहीं, गम बांटने और बंटाने वाला मन का गठजोड़ रहो है। असल में पर्सनल फ्रंट पर ही नहीं, सोशल लेवल पर भी नया साल बहुत मायने रखता है। समय का यह मोड़ पीछे मुड़कर देखने का मौका देता है। जरा ठहरकर यह समझने का अवसर देता है कि करीबी अपनों के साथ ही नहीं, अपने परिवेश के साथ कैसा जुड़ाव रखते हैं? इंसानी भाव-लगाव को पोसते हैं या नहीं? सुख-दुःख में साथ देते हैं या नहीं? महिलाएं तो इन बातों से मन से जुड़ी होती हैं। जरूरी है कि खीमन को सहजता और विश्वास देते माहौल से फिर जुड़ने के प्रयास किए जाएं। याद रहे कि नयापन केवल विस्तार में नहीं होता। पूरी दुनिया से जुड़कर आस-पड़ोस से छूटने के इस दौर में अपने परिवेश में बसे लोगों से जुड़ने का भाव भी नूतन और परिष्कृत सोच का ही एक पहलू है।





## तकनीक से दूरी का नयापन

नए साल में उपलब्धियों का ही नहीं, खोते जा रहे भावों का ऑडिट करना भी जरूरी है। इसके लिए मन के बहीखाते में दर्ज भावनाओं की उस दुनिया पर भी गौर कीजिए, जो जाने-अनजाने स्क्रीन के संसार में समा गईं। उन संवेदनाओं के कॉलम को खंगालिए, जो इमोजी चिपका देने की औपचारिकताओं तक सिमट गई हैं। फिल्टर्ड तस्वीरों की चमक में सच देखने-स्वीकारने के विचार ठिठककर रह गए हैं। ध्यान रहे कि वक्त के साथ हर चीज के मायने बदल जाते हैं। कुछ साल पहले तक सब कुछ नया-सा महसूस करवाने की सुविधाएं, साथ लाने वाली तकनीक ने मन के सच्चे बदलाव को ही छीन लिया है। भाव से लेकर बर्ताव तक नकलीपन की मोटी परत चढ़ गई है। अध्ययन भी बताते हैं कि सोशल मीडिया पर साफ-सुथरे चमकते आंगन, देश-दुनिया के हॉलि-डे और सजे-धजे घर-संसार के महंगे आयोजन महिलाओं में मानसिक तनाव बढ़ा रहे हैं। समय और ऊर्जा लीलने वाली इंटरनेट और स्मार्टफोन की दखलअंदाजी मेंटल हेल्थ इश्यूज का अहम कारण बन गई है। तो क्यों न नए वर्ष के नएपन में तकनीकी निर्भरता से दूर संतुष्टि के भाव को जीने की दिशा चुनी जाए!

## पुरातन से प्रेम का नयापन

परंपराओं को संजोने से लेकर स्वास्थ्य संभाल के लिए योग-मेडिटेशन तक, अपनी जड़ों की ओर लौटने की राह आज के दौर में कुछ नया करने जैसा ही है। हाल के वर्षों में जमाने के साथ चलते-बदलते हुए महिलाओं ने बहुत कुछ नया अपनाया। वक्त के साथ बदलते हुए मॉडर्न ट्रेंड्स को जीने की राह चुनी। बावजूद इसके मन-जीवन से सहज-सा सुख नदारद है। साझे सरोकार गुम हो गए हैं। एक-दूजे पर स्नेह लुटाने की सोच खो गई है। पहले आम जीवन का हिस्सा रहीं खुशियां अब खास जतन करने पर भी नहीं मिलतीं। काफी रिसर्च के बाद साइंटिस्ट्स टैली शैरोट और कैस आर संस्टीन की लिखी किताब 'लुक अगेन-द पॉवर ऑफ नोटिसिंग, व्हाट ऑलवेज देयर' में कहा गया है कि हर इंसान के लिए खुशी के अर्थ अलग होते हैं। समझना मुश्किल नहीं कि हमारी ट्रेडिशनल लाइफस्टाइल भी हमें खुशी दे सकती है। महिलाएं परंपरा के रंगों से सबसे ज्यादा जुड़ी होती हैं। बावजूद इसके नएपन के नाम पर ट्रेडिशनल भाव-चाव को छोड़ने की रेस में शामिल होकर बहुत कुछ पीछे छूट गया। इस नववर्ष पर संस्कृति के आकर्षक रंगों से जिंदगी में सतरंगी उल्लास भरने का नयापन चुनें। पुरानी चीजों को रेनोवेट कर फिर जिंदगी का हिस्सा बनाएं। परंपरा को सहेज जीवन का हिस्सा बनाए रखना भी एक तरह की आधुनिकता होती है। यह तो पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही हमारी चेतना से जुड़ा पहलू है।

कहने का सार है कि नया वर्ष, नया करने की प्रेरणा जरूर देता है। लेकिन जरूरी नहीं कि नया वही हो, जिसे अब के पहले कभी नहीं देखा या किया था। नयापन अगर हमारी दृष्टि में आ जाए तो कई बार पुरानेपन में भी नएपन का ही अहसास होने लगता है।

# नए साल में खुद को थोड़ा करें स्लो डाउन



हम अपनी जिंदगी मे बहुत कुछ बहुत जल्दी पा लेना चाहते हैं, इसलिए हम प्रतिस्पर्धा की एक दौड़ मे आ जाते हैं। इस तेज रफ्तार की वजह से हम जिंदगी की वास्तविकता से दूर हो जाते हैं, अपना बहुत कुछ खो देते हैं। आइए, नए साल मे हम अपनी जिंदगी की रफ्तार धीमी करें, सही अर्थों मे जिंदगी जीना शुरू करें।

आज जिंदगी की भागम-भाग में हम सब एक रेस में शामिल हैं, सबको बहुत कुछ हासिल करने की हड़बड़ी है। किसी के पास इतना वक्त नहीं कि किसी गिरे हुए को संभाल लें या जरूरतमंद की मदद के लिए अपना हाथ बढ़ा दें। हम सब एक भीड़ का हिस्सा हैं, अंदर एक बेचैनी है, एक बेसुकूनी है कि हम जो जिंदगी जी रहे हैं, क्या इसी के लिए हमने अपना बहुत कुछ खोया है? क्या इसीलिए घर-द्वार और अपनों को छोड़कर अनजान शहर में आकर धक्के खा रहे हैं? नहीं ना! इसलिए थोड़ा अपनी जिंदगी की रफ्तार को धीमी कीजिए, खुद को थोड़ा स्लो डाउन कीजिए। एक बार अपने दिल से पूछिए कि कितनी सारी छोटी-बड़ी आपकी ख्वाहिशें पीछे छूट गई हैं और समय मुट्ठी की रेत की तरह निकलता जा रहा है।



**क्यों जरूरी है जिंदगी में स्लो हो जाना:** दुनिया भर में आज बहुत तेजी से डिप्रेशन के मरीज बढ़ रहे हैं, ऐसे में यह ख्याल आता है कि इतनी तरक्की के बाद भी इंसान मानसिक तनाव में कैसे जी पाएगा? जहां हर तरह की सुविधा हो, लेकिन अकेलेपन को बांटने वाला कोई नहीं हो, यह स्थिति भी बहुत चिंताजनक है। काम के अत्यधिक बोझ का तनाव, एक-दूसरे से आगे निकल जाने की होड़, कम समय में ज्यादा पा लेने की चाह जैसे अनगिनत कारणों ने जिंदगी को बेहद तनावपूर्ण बना दिया है। ऐसे में खुद को एक ब्रेक देना जरूरी है, अपनी गति को धीमा करना जरूरी है।

**रील और रियल लाइफ में करें फर्क:** क्या आप भी उन लोगों में से हैं, जिन्हे यह लगता है कि सोशल मीडिया पर दिखने वाली हर चीज सही है? इंटरनेट पर ऐसे कंटेंट वीडियो भरे पड़े हैं, जो वास्तविकता से दूर हैं। अगर आप इन्हीं वीडियो को देख कर वैसा ही बनने की कोशिश कर रही हैं तो संभल जाइए। खुद की रियलिटी चेक कीजिए। खुद को रील्स की दुनिया से डिस्कनेक्ट करना जरूरी है। हमें रियलिटी में जीना चाहिए, जिंदगी की सच्चाई समझनी चाहिए।

**अपने पैशन के लिए थोड़ा समय निकालें:** हमने करियर और जिंदगी की भागदौड़ में अपने पैशन या हॉबी को कहीं पीछे छोड़ दिया है। 'वक्त नहीं मिलता' के बहाने ने हमारी आंतरिक खुशी के दरवाजे को बंद कर दिए हैं। चौबीस घंटे में अगर आप आधा घंटा भी अपनी हॉबी के लिए समय निकालेंगी तो एक अलग ही बदलाव महसूस करेंगी।

**जरूरी है रिश्तों को थोड़ा समय देना:** कितना समय बीता हुआ होता है, अपने परिवार के साथ बैठ कर खाना खाए या साथ थोड़ा समय बिताए। हफ्ते में एक दिन अगर हम बिना टीवी या सोशल मीडिया के सिर्फ परिवार के साथ बिताएं तो इससे ना सिर्फ रिश्ते मजबूत बनेंगे बल्कि हम समय की कद्र करना भी सीखेंगे। दरअसल, जिंदगी को थोड़ा स्लो कर देने से जीने का तरीका बदल जाता है, जो हमें जिंदगी में एक सुकून देता है।

### प्रकृति से बढ़कर कोई हीलर नहीं

अगर हम वास्तव में खुद से जुड़ना चाहते है तो प्रकृति से जुड़ें। जब भी मौका मिले प्रकृति और खुद के बीच एक कनेक्शन बनाएं। प्रकृति एक हीलर की तरह काम करती है। यह हमारे भीतर हैप्पी हॉर्मोन पैदा करती है। आपने यह महसूस किया होगा कि जो लोग बागबानी करते हैं या समंदर, पहाड़ों पर अधिक समय बिताते हैं, वो स्वभाव से ज्यादा शांत होते हैं। इसलिए जब भी समय मिले, अपने मन को प्रकृति से जोड़ने की कोशिश कीजिए। इससे आपको एक आंतरिक शांति और खुशी मिलेगी।

---

न्यू ईयर सेलिब्रेट करने के लिए अगर आपने आज शाम अपने घर पर ही पार्टी प्लान की है तो इसे आप बहुत मजेदार और यादगार बना सकती हैं। इसके लिए आपको यहां बताए जा रहे सजेशंस को फॉलो करना होगा।



# ऐसे बनेगी यादगार न्यू ईयर पार्टी

बहुत से लोग नए साल के स्वागत की पार्टी का प्लान अपनी फैमिली, फ्रेंड्स और रिश्तेदारों के साथ करते हैं। अगर आप भी न्यू ईयर पार्टी अपने घर पर सेलिब्रेट करना चाहती हैं तो हम आपको कुछ शानदार आइडियाज बता रहे हैं, जिससे आप आज की न्यू ईयर पार्टी को यादगार बना सकती हैं।

**पार्टी की थीम:** किसी भी पार्टी की तरह न्यू ईयर ईव पर भी घर में पार्टी ऑर्गेनाइज करने के लिए आप सबसे पहले कोई अच्छी सी थीम डिसाइड करें। आप ग्लैमरस, क्लासिक या एथनिक थीम का भी चुनाव कर सकती हैं। इसके लिए सभी गेस्ट्स को थीम बेस्ड पार्टी के अनुसार तैयार होकर आने के लिए कहें।



**स्नैक्स-डिनर का मेन्यू:** टेस्टी और डिफरेंट खाना, हर पार्टी की शान होता है। इसलिए न्यू ईयर पार्टी में जरूरी है कि आपका डिनर भी खास होना चाहिए ताकि मेहमान पूरी तरह से एंज्वॉय कर सकें। इस के लिए पहले से फूड्स का मेन्यू तय कर लें। स्नैक्स से लेकर ड्रिंक्स और डिनर आदि अपने बजट के मुताबिक डिसाइड कर लें। हैवी खाने की बजाय आप लाइट और टेस्टी डिशेज रख सकती हैं, जैसे कि कॉर्न मखाना सलाद, बेक्ड पनीर समोसा या बर्गर, साउथ इंडियन डिशेज जैसे सांभर-इडली भी सर्व कर सकती हैं। ये लाइट और टेस्टी डिश मेहमानों को खूब पसंद आएंगे। चाहें तो न्यू ईयर को सेलिब्रेट करने के लिए एक खास डेकोरेटेड केक भी ला सकती हैं और रात को 12 बजे उसे काटकर लम्हे को यादगार बना सकती हैं।

**मेहमानों के लिए रिटर्न गिफ्ट:** तोहफे के बिना कोई भी सेलिब्रेशन अधूरा लगता है। गिफ्ट्स हर उम्र के शख्स को पसंद आते हैं। नए साल के मौके पर इनहाउस पार्टी में भी मेहमानों को अपने बजट के हिसाब से तोहफा देना ना भूलें।



**फोटो बूथ या सेल्फी कॉर्नर:** पार्टी को मजेदार और यादगार बनाने के लिए आप फोटो बूथ या सेल्फी कॉर्नर बना सकती हैं। इसके लिए आप एक दीवार को कलर्ड या व्हाइट पेपर से सजा लें। चाहें तो दीवारों को फूल, रंगीन गुब्बारों या लाइट्स से सजा सकती हैं और साथ में सेल्फी स्टिक और कलरफुल प्रॉप्स रख दें। यहां आपके गेस्ट जाकर मस्ती से सेल्फी क्लिक कर सकते हैं।

### पार्टी को बनाएं मजेदार



न्यू ईयर इनहाउस पार्टी को एंटरटेनिंग बनाने के लिए डांस और म्यूजिक जोड़ सकती हैं। इसके अलावा पार्टी में फैमिली और फ्रेंड्स के साथ गेम्स खेलकर आप न्यू ईयर पार्टी को स्पेशल बना सकती हैं। गेस्ट के साथ बोर्ड गेम, कार्ड गेम, चिट गेम्स, अंताक्षरी और पासिंग द पार्सल जैसे खेल ट्राई करके नए साल के जश्न को बेस्ट एंज्वॉय कर सकती हैं।

---

आज शाम से लेकर रात तक चलने वाली न्यू ईयर पार्टी के लिए आपने सारी तैयारियां कर ही ली होंगी। लेकिन क्या आपने अपना मेकअप लुक डिसाइड किया है? अगर नहीं तो हम आपको यहां बता रहे हैं न्यू ईयर पार्टी के लिए परफेक्ट मेकअप करने के स्टेप्स।

# न्यू ईयर पार्टी के लिए करें परफेक्ट मेकअप



जब मौका हो न्यू ईयर पार्टी अटेंड करने का तो आप इसमें जरूर सबसे डिफरेंट और स्पेशल दिखना चाहेंगी। इसके लिए आपको अपने मेकअप पर ध्यान देना होगा। पार्टी मेकअप कैसे करें, यहां बता रहे हैं, उसके स्टेप्स।

**ग्लोइंग बेस :** मेकअप की शुरुआत करने के लिए फाउंडेशन लगाने से पहले आप अपने चेहरे पर प्राइमर का इस्तेमाल कर लें। अगर आपके पास प्राइमर नहीं है, तो आप एलोवेरा जैल का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। प्राइमर स्किन को ग्लोइंग दिखाने में काफी मदद करेगा, इसके साथ ही रिंकल्स, फाइन लाइंस जैसी स्किन समस्याओं को छिपाने में भी मदद करता है। ग्लासी लुक के लिए इल्यूमिनेटिंग फाउंडेशन का प्रयोग करें। इस तरह के फाउंडेशन से स्किन काफी शाइनी नजर आती हैं। इसके बाद लूज पावडर से मेकअप सेट करें। फिर चीकबोन पर ब्लश के साथ-साथ हाइलाइटर जरूर लगाएं।

**आई मेकअप :** न्यू ईयर ईव पार्टी में सबसे अलग दिखने के लिए आप अपने आई मेकअप के साथ कुछ अलग एक्सपेरिमेंट कर सकती हैं। अपनी आंखों के बेस के लिए नॉर्मल ब्लैक या ब्राउन शेड की जगह, आप किसी ब्राइट कलर के आईशैडो का इस्तेमाल कर सकती हैं, जैसे- यलो, ग्रीन, रेड या गोल्डन। इससे आपकी आंखें, आपके चेहरे की ही नहीं बल्कि पूरी पार्टी की सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बन जाएंगी। अगर आप ग्लिटरी आई लुक चाहती हैं तो गोल्डन, सिल्वर या ब्रॉन्ज आईशैडो का इस्तेमाल कर सकती हैं। न्यू ईयर पार्टी के लिए आई मेकअप करते समय ब्लैक या कलरफुल आईलाइनर एकदम सही रहेगा। आईलाइनर की पतली या मोटी लेयर अप्लाई कर सकती हैं। लाइनर लगाने के बाद आप आंखों में काजल अप्लाई करें। इसके लिए आप ब्लैक या व्हाइट काजल का इस्तेमाल कर सकती हैं। आईलैशेज को बड़ा दिखाने के लिए आप मस्कारा का इस्तेमाल जरूर करें। मस्कारा लगाने के बाद आपकी आईलैशेज लंबी दिखेंगी। इस स्टेप के साथ ही आपका आई मेकअप पूरा हो जाएगा।



**बोल्ड लिप मेकअप :** ओवरऑल कंप्लीट मेकअप लुक में आपके लिप मेकअप का बहुत ही अहम रोल होता है। कम समय में एक स्टाइलिश लुक पाने का सबसे आसान तरीका होता है बोल्ड लिप कलर का इस्तेमाल। आप चाहें तो रेड लिपस्टिक लगा सकती हैं, लेकिन अगर किसी और बोल्ड कलर का इस्तेमाल करना है तो आप वो भी कर सकती हैं। ध्यान रहे, लिप्स को परफेक्ट शेप देने के लिए लिपस्टिक से पहले लिप लाइनर का भी इस्तेमाल करें।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

---

आप जरूर चाहेंगी कि नए साल में आपका दांपत्य जीवन और भी प्रगाढ़ बने। नए साल में यहां बताए जा रहे पांच संकल्प लेकर आप अपने दांपत्य जीवन को मजबूत, खुशहाल और मधुर बनाए रख सकती हैं।

# 5 संकल्पों से रिश्ते बनेंगे मधुर

नया साल हर किसी के जीवन में नई उम्मीदें लेकर आता है। यह समय केवल प्रोफेशनल लाइफ में सक्सेस पाने के लिए नई प्लानिंग करने का ही नहीं, पर्सनल लाइफ में अपने रिलेशन स्ट्रॉन्ग करने का भी अवसर है। मैरीड लाइफ में एक स्ट्रॉन्ग और हैप्पी रिलेशन तभी संभव है, जब कपल्स इसके लिए प्रयास करें। नए साल में कपल्स ये पांच संकल्प लेकर अपने रिश्ते को मजबूती प्रदान कर सकते हैं।



1. **एक-दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं:** आजकल की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में अकसर कपल्स एक-दूसरे के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं। नए साल में यह संकल्प लें कि हर हफ्ते कम से कम एक दिन या कुछ घंटे सिर्फ एक-दूसरे के साथ बिताएंगे। बिना मोबाइल, प्रोफेशनल और बाहर की बातें किए सिर्फ अपनी भावनाओं और खुशियों को साझा करेंगे।
2. **छोटी-छोटी बातों के लिए थैंक्स कहेंगे:** थैंक यू कहने की आदत रिश्तों में पॉजिटिविटी लाती है। चाहे आपका पार्टनर आपके लिए चाय बनाए या घर का कोई काम करे, उसे 'थैंक यू' कहना ना भूलें। जॉन ग्रे के अनुसार, 'सराहना रिश्तों को गहराई देती है।'
3. **बहस के बजाय डायलॉग रखें:** गॉटमैन थ्योरी कहती है, 'बहस करने से ज्यादा जरूरी है डायलॉग करना।' तो इस साल, संकल्प लें कि किसी भी विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से हल करेंगे। एक-दूसरे को सुनेंगे और दूसरे के नजरिए को समझने की कोशिश करेंगे, सामंजस्य बनाकर रखेंगे।
4. **हर महीने एक नया अनुभव साझा करें:** रिश्तों में नयापन बनाए रखने के लिए जरूरी है कि आप अपने पार्टनर के साथ नए-नए अनुभव महसूस करें। किसी नए रेस्टोरेंट में लंच या डिनर लें, किसी छोटी यात्रा पर जाएं या कोई नई हॉबी अपनाएं। ये बातें आपके रिश्ते को मधुर और यादगार बनाएंगी।
5. **एक-दूसरे के प्रयासों को सराहें:** हर कोई चाहता है कि उसके प्रयासों को सराहा जाए। इस साल अपने पार्टनर के छोटे-छोटे प्रयासों को नोटिस करें और उन्हें थैंक्स बोलें। यह आदत आपके रिश्ते में प्यार और आपसी सम्मान को बढ़ाएगी।

याद रखें, एक खुशहाल रिश्ता सिर्फ बड़े कदमों से नहीं बल्कि छोटे-छोटे प्रयासों से बनता है। तो इस नए साल में इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रख कर आप अपने रिश्तों में मधुरता बढ़ाएं, प्रगाढ़ बनाएं।

**(रिलेशनशिप एंड इंपावरमेंट कोच अविषा अवस्थी से हुई बातचीत पर आधारित)**

# आरएसजीएल सीएसआर कमेटी बैठक: बेहतर सामाजिक हित में हो सीएसआर में उपलब्ध

## ❑ वित्तीय संसाधनों का उपयोग-सचिव वित्त डॉ. सुरपुर ❑ आरएसजीएल ने गत वर्ष आंगणवाड़ी केन्द्रों में करवाया रेनोवेशन

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** वित्त सचिव राजस्व डॉ. रविकुमार सुरपुर ने कहा है कि सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों को व्यापक सामाजिक हितों को ध्यान में रखते हुए कोरपोरेट सोशियल रेस्पांसबिलिटी में उपलब्ध राशि का उपयोग किया जना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीएसआर में उपलब्ध वित्तीय संसाधनों से प्रदेश के सामाजिक, शैक्षिक, स्वास्थ्य, स्पोर्टस जैसे जनहितकारी गतिविधियों में भागीदारी निभाई जा सकती है। सीएसआर गतिविधियों के उपयोग पर चर्चा करते हुए डॉ. सुरपुर ने कहा कि अच्छी मात्रा में सीएसआर बजट प्रावधान वाली संस्थाओं, निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों को लीक से हटकर जनहित के कार्यो को प्राथमिकता देनी चाहिए।



वित्त सचिव राजस्व डॉ. सुरपुर मंगलवार को राजस्थान स्टेट गैस लि. की सीएसआर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि थीम बेस कार्यों के साथ ही आंगणबाड़ी या स्कूलों में कराए जाने वाले कार्यों में इस तरह के कार्यों का भी चयन किया जाए जिससे संस्कारीकरण भी हो सके। उन्होंने कहा कि आरएसजीएल अपने उपलब्ध सीएसआर प्रावधानों का जिस तरह से बेहतर उपयोग कर रहा है, उसी तरह से प्रदेश के उद्योगों, राजकीय उपक्रमों व निजी कंपनियों के पास उपलब्ध सीएसआर राशि का उपयोग करते हुए क्षेत्र विशेष की आवश्यकता व मांग के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाये जाएं।

डॉ. रविकुमार सुरपुर ने कोटा कलेक्टर रविन्द्र गोस्वामी से आरएसजीएल की उपलब्ध सीएसआर राशि के बेहतर उपयोग पर वर्चुअली चर्चा भी की। आरएसजीएल के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने बताया कि राजस्थान स्टेट गैस द्वारा गत वर्ष सीएसआर गतिविधियों के तहत कोटा में छह आंगणवाड़ी केन्द्रों पर 25 लाख 64 हजार की लागत से रेनोवेशन सहित अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। इस वर्ष भी उपलब्ध वित्तीय राशि से क्षेत्र में सीएसआर करवाये जाएंगें बैठक में गैल प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह ने भी सुझाव दिए। बैठक में आरएसजीएल द्वारा इस साल कराये जाने वाले कार्यों की रुपरेखा पर विचार किया गया। सीएसआर कमेटी की बैठक में उपमहाप्रबंधक विवेक रंजन, सीएफओ दीप्तांशु पारीक, रविशंकर अग्रवाल, डीएम आईटी गगनदीप राजोरिया और पीआर प्रभारी राजेन्द्र शर्मा ने हिस्सा लिया।

# रिद्धि सिद्धि पेन्शनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक समिति की मीटिंग सम्पन्न



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** रिद्धि सिद्धि पेन्शनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक समिति की वार्षिक बैठक श्री विजय टंडन की अध्यक्षता में हनुमानगढ़ रोड़ स्थित विश्वास होटल में सम्पन्न हुई। कोषाध्यक्ष श्री सोमनाथ विग ने बताया कि इस मीटिंग में पिछले 1 वर्ष की गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। श्री रमेश गिदड़, एडवोकेट अजय मेहता, श्रवण कटारिया, महेश मक्कड़ व अन्य सदस्यों द्वारा समिति की प्रशंसा की गई व भविष्य मे और सदस्य बढ़ाने पर जोर दिया गया। माह दिसम्बर में जन्मदिन वाले श्री सन्धूरा सिंह को जन्मदिन का उपहार दिया गया व मीटिंग में आये करीब 40 सदस्यों को सप्रेम उपहार भेंट किये गये। मीटिंग के अन्त में सभी सदस्यों ने रात्रि भोज का आनन्द लिया व नाच गाना गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया व नये वर्ष 2025 के आगमन की शुभकामना दी गई। अंत में अध्यक्ष श्री विजय टंडन, महासचिव श्री विजय गडाई द्वारा सबका आभार प्रकट किया गया।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर निकाली जाएगी राम रथ यात्रा

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्री राम जन्म भूमि तीर्थ अयोध्या धाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में श्रीगंगानगर में 11 जनवरी, शनिवार को प्रात: 8.15 बजे श्री दुर्गा मंदिर मार्केट से सिद्ध धाम श्री खाटू श्याम धाम सुदामा नगर श्रीगंगानगर तक भव्य श्री श्याम निशान राम रथ यात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। सेवादार अजय 'राधे-राधे' ने बताया कि इस आयोजन की तैयारियों के लिए विनोबा बस्ती स्थित श्री दुर्गा मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बड़ी संख्या में सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने शामिल होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने पर चर्चा की। बैठक में विचार-विमर्श के पश्चात् भव्य श्री श्याम निशान राम रथ यात्रा कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया तथा सफल आयोजन के लिए सेवादारों को दायित्व सौंपे गए। वार्ड पार्षदों ने घर-घर जाकर निमंत्रण-पत्र वितरण की सेवा ली। इस बैठक में सेवादार अजय 'राधे-राधे' ने जानकारी दी कि 11 जनवरी, शनिवार सुबह 8.15 बजे श्री दुर्गा मंदिर मार्केट से सिद्ध धाम श्री खाटू श्याम धाम सुदामा नगर श्रीगंगानगर तक निकाली जा रही भव्य श्री श्याम निशान राम रथ यात्रा में श्याम बाबा व रामलला का फूलों से भव्य श्रृंगार सबके आकर्षण का केन्द्र रहेगा। श्याम बाबा व रामलला भव्य रथ पर विराजमान होंगे, जिसे भक्तों द्वारा हाथ से खींचा जाएगा तथा पूरे रास्ते जगह-जगह पलक-पावड़े बिछाकर पुष्प वर्षा करके श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया जाएगा।



# युवक की पीट-पीटकर हत्या

जनमार्ग न्यूज

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में मॉब लिंचिंग में युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। स्क सिटी रण विजय सिंह ने बताया कि भीड़ ने गोकशी करते वक्त युवक को पकड़ लिया था।

घटना सोमवार तड़के 3:30 बजे हुई। भीड़ ने युवक लाठी-डंडे और लात-घूसों से इतना मारा कि बेहोश हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सोमवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई।

मृतक का नाम शाहेदीन है। वह असालतपुरा का रहने वाला था। रात में ही प्रशासन ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया। अगली सुबह परिवार ने शव दफन कर दिया। इलाके में तनाव बढ़ने के बाद फोर्स बढ़ा दी गई है।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह ने देश को आर्थिक क्रांति दी

## जनसेवा केंद्र में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय सरदार मनमोहन सिंह की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सोमवार को विधायक जनसेवा केंद्र में किया गया । श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।



श्रद्धांजलि सभा में सरदार मनमोहन सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विधायक डूंगरराम गेदर ने कहा कि सरदार मनमोहन सिंह ने आर्थिक नवाचार कर देश को आर्थिक रूप से सशक्त किया उन्होंने मनरेगा जैसी योजना देकर आमजन को रोजगार का अवसर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए विश्व में भारत को अलग पहचान दी । भारत में आर्थिक नवाचारों को मजबूत तरीके से लागू करने का काम करते हुए देश को आर्थिक मंदी से बाहर निकाला, देश हमेशा सरदार मनमोहन सिंह को देश के प्रति किये गए कार्यो के लिए याद रखेगा। पूर्व विधायक राजेन्द्र भादू ने सम्बोधित करते हुए कहा मनमोहन सिंह जी ने उस समय मे देश की कमान संभाली जब पूरा विश्व आर्थिक रूप से कमजोर बना हुआ था उस मंदी के दौर में भी भारत को पिछड़ने नही दिया। पूर्व उपप्रधान कृष्ण गोदारा ने कहा देश को एकजुट बनाये रखने व मजबूत बनाये रखने के लिए कार्य किया । जिला महासचिव जेपी गिला ने कहा मनमोहन सिंह जी ने मनरेगा के माध्यम से देश के ग्रामीण व्यक्ति को मजबूत करने का काम किया उन्होंने अपने बेहतरीन विजन से देश को प्रत्येक स्तर पर मजबूत किया। श्रद्धांजलि सभा में नगर अध्यक्ष जयप्रकाश गहलोत, राजियासर के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बनवारी थोरी, जिला महासचिव जे पी गिला, जिला महामंत्री भीम जोशी, कृष्ण जालप, जोगेंद्र मेघवाल, भागी भाट, भानी भाट, ओमप्रकाश गेदर, एनएसयूआई के तहसील अध्यक्ष अक्षर नायक, सचिन नोखवाल, साहिल मेघवाल, मोहित, किशन बेनीवाल, मुस्तफा कुरैशी, लीलाधर स्वामी, पवन गेदर, रामप्रवेश डाबला, नगरण्डल अध्यक्ष जेपी गहलोत, अमरसिंह राठौड़, अंग्रेज सिंह ढिल्लो, इंद्राज कालवा, भागीरथ बरोड़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे । श्रद्धांजलि सभा में युवा नेता योगेश मेघवाल ने सभी का आभार प्रकट किया।

# चार साहिबजादे को समर्पित रक्तदान शिविर लगाया



**गजसिंहपुर (जनमार्ग न्यूज)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत लोहारा के गुरुद्वारा सिंह सभा में माता गुजर कौर के चार साहिबजादे को समर्पित चौथे रक्तदान शिविर में गोल्डन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर कुलदीप सिंह भुल्लर व स्टाफ के द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान शिविर में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए रक्तदान किया। डायरेक्टर कुलदीप सिंह भुल्लर ने आयोजनकर्ताओ की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसा आयोजन हर ग्राम पंचायत स्तर पर हो ताकि जरूरतमंद लोगों को रक्त मुहैया करवाया जा सके कई बार देखा गया है कि जरूरतमंद लोग रक्त के लिए भटकने पर मजबूर हो जाते हैं। भुल्लर ने शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह वेलफेयर ट्रस्ट एनआरआई एवं ग्राम पंचायत लोहारा के लोगों की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसी संस्थाएं लोगों की जिंदगी बचाने के लिए आगे आती है।

# परिवहन विभाग की मनमानी के खिलाफ प्रदर्शन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** सोमवार को हनुमानगढ़ मैत्री संघ के सदस्यों ने जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन परिवहन विभाग के इंस्पेक्टर द्वारा उद्योगपतियों और व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान करने और फैक्ट्रियों में कार्यरत वाहनों पर भारी-भरकम चालान थोपने के खिलाफ किया गया। उद्योगपति शिवरत्न खड़गावत ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उनकी फैक्ट्री के अंदर उपयोग में लाए जा रहे एक ट्रॉले का चालान किया गया, जिसकी कीमत केवल तीन लाख रुपये है, लेकिन उस पर 1.30 लाख रुपये का चालान लगाया गया। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री परिसर के अंदर चलने वाले ट्रॉले पर चालान लगाने का कोई औचित्य नहीं है। खड़गावत ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सड़कों पर खुलेआम नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 155 टन तक का माल ट्रॉलों में लाया और ले जाया जा रहा है, जो कानूनी सीमा से कई गुना अधिक है। इसके बावजूद परिवहन विभाग के अधिकारी इन वाहनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं क्योंकि रिश्वत के जरिए मामले को दबा दिया जाता है। प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने कहा कि राज्य सरकार एक ओर राइजिंग राजस्थान जैसी योजनाओं के माध्यम से नए उद्योग स्थापित करने के लिए उद्योगपतियों और व्यापारियों को प्रोत्साहित कर रही है, वहीं दूसरी ओर विभागीय अधिकारी व्यापारियों को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकार की नीतियां और कार्यवाहियां व्यापार और उद्योग को बंद करने की ओर धकेल रही हैं। मैत्री संघ के सदस्यों ने कहा कि फैक्ट्री परिसर में काम करने वाले वाहनों को सार्वजनिक यातायात के नियमों के तहत नहीं रखा जाना चाहिए। इन वाहनों का उपयोग केवल उत्पादन कार्यों के लिए होता है और इनका सड़क यातायात पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। प्रदर्शनकारियों ने जिला परिवहन अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांगें स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि विभाग को मनमानी कार्रवाई बंद करनी चाहिए और फैक्ट्री मालिकों के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार करना चाहिए। साथ ही, उन्होंने सड़कों पर हो रहे नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की मांग की। हनुमानगढ़ मैत्री संघ के सदस्यों ने पूरे प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर व्यापारियों एवं उद्योगपतियों को नाजायज तंग किया जाएगा तो हनुमानगढ़ मैत्री संघ एकजुट होकर अधिकारियों पर नकेल कसने का काम करेगा। व्यापारियों और उद्योगपतियों ने चेतावनी दी कि यदि जिला परिवहन विभाग द्वारा उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। उन्होंने जिला प्रशासन और राज्य सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप कर न्याय सुनिश्चित करने की अपील की।



# मित्तल परिवार ने राजकीय चिकित्सालय को सामान किया डोनेट



जनमार्ग न्यूज

**गजसिंहपुर।** आज के युग में दानवीरों की कमी नहीं है लेकिन उनके दिलों में हौसला और जज्बा होना चाहिए ऐसा ही जज्बा और बुलंद हौसला गजसिंहपुर कस्बे के मित्तल परिवारों में देखने को मिला जब मित्तल परिवार के द्वारा मानवता की भलाई के लिए 90000 रुपए का समान राजकीय चिकित्सालय गजसिंहपुर को सप्रेम भेंट किया है आपको बता दें कि इस सतीश मित्तल एवं सुरेंद्र मोहन मित्तल परिवार के द्वारा राजकीय चिकित्सालय गजसिंहपुर को रु 90000 का सामान भेंट किया है यह सामान राजकीय चिकित्सालय के हर समय काम आने वाला एवं प्रयोग के तहत यह सामान भेंट किया गया है जिसमे लेबर रूम के लिए एक लेबर रूम लाइट,एक हीटर,एक फीटल डॉप्लर (बच्चे की धड़कन जांच के लिए) एक स्टेथोस्कोप,इमरजेंसी रूम के लिए 25 नग कैंचियां, फोर्सेप, स्टिच कटर, आदि, एक स्टैंडिंग बीपी इंस्ट्रूमेंट, ) एक स्टेथोस्कोप,जहां गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती है वहाँ के लिए एक फीटल डॉप्लर (बच्चे की धड़कन जांच के लिए) अलग से, एक वजन नापने की मशीन, एक हाईट नापने की मशीन,एक डिजिटल ब्क्क मशीन, दवा वितरण कक्ष के लिए दवाई वितरण के लिए 5000 कागज के लिफाफे, व एक व्हील चेयर, और एक ड्ढ्ट में काम आने वाला फोल्ड हो सकने वाला बेड डोनेट किया गया इस अवसर पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुकेश मित्तल राजकीय चिकित्सालय प्रभारी डॉक्टर साधना थप, डॉ विजय सिंह राठौड़, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गौरव सोनी मौजूद रहे।

# झुग्गी-झोपड़ी और मकानों को तोड़ने को लेकर धरना लगाया

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** किशनपुरा आबादी की भूमि पर भू माफिया द्वारा अतिक्रमण कर बसे हुए लोगों की झुग्गी झोपड़ी और मकानों को तोड़ने के मामले को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन करके धरना लगाया। आबादी के आक्रोशित लोगों ने कालूराम स्वामी, पूर्व पार्षद हंसराज स्वामी, राकेश मेघवाल, रमेश सिंह, प्रेम कुमार, गोपी राम, दौलत राम, ओम प्रकाश, कालूराम जाखड़ और पृथ्वीराज की अगुवाई में अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन करके कार्यालय पर धरना लगाकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर एडीएम कन्हैया लाल सोनगरा को जिला कलेक्टर के नाम का ज्ञापन दिया। प्रदर्शन के दौरान कालूराम स्वामी व पूर्व पार्षद हंसराज स्वामी ने कहा कस्बा सूरतगढ़ के खसरा नंबर 272/ 3 का यह मामला है। जिसमें भूमाफिया किस्म के कुछ लोगों ने हल्का पटवारी, तहसीलदार और अन्य राजस्व कर्मचारियों से सांठ-गांठ कर भूमि का खसरा परिवर्तन करवाते हुए उक्त भूमि को अन्य जगहों पर तरमीम करवा ली। वहीं, अब कुछ समय से 15 से 20 ट्रैक्टर और 40-50 व्यक्तियों का समूह उक्त भूमि में घुसकर उसमें काबिज होना चाहते हैं। जबकि इस जगह पर काफी लोग अपना मकान बना कर रह रहे हैं। बसे हुए 40 मकान को तो?कर बसे हुए लोगों को उजाड़ने से लोगों में भारी आक्रोश है। इस भूमि के लोग एक समूह के अंदर कार्य कर रहे हैं और लोगों की पुरानी पड़ी भूमियों पर कब्जा करते हैं तथा राजस्व कर्मचारियों के साथ मिलीभगत करते हुए काटछांट कर भूमि को अपने मन मुताबिक कब्जा काश्त में ले लेते हैं। एडीएम को बताया गया कि आबादी के लोगों ने जब इकट्ठा होकर कब्जा कर रहे लोगों को रोका तो उन्हे जान माल के नुकसान की धमकी दी गई। प्रतिनिधि मंडल ने प्रदर्शन के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर को कहा इस संबंध में मौका जांच कर तुरंत कार्रवाई की जाए अन्यथा आबादी क्षेत्र में अशांति का माहौल हो सकता है। वहीं, लोगों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा अगर उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे श्रीगंगानगर में जिला कलेक्टर से मिलने के लिए पैदल कूच करेंगे, और अगर वहां भी उन्हें निराशा मिली तो वे जयपुर सीएमओ तक भी जाएंगे। धरना, प्रदर्शन और ज्ञापन के दौरान आबादी के गणेशाराम, गोवर्धन, रवि भोपा, भंवर भोपा, ओम प्रकाश, नरेश भोपा, संतोष, हरिराम भोपा, कालूराम भोपा, काशीराम जाखड़, कालूराम जाखड़, रामप्रताप नाई, सुभाष, राकेश कुमार, महेंद्र कुमार, हरीनाथ, राजू , रामचंद्र, विकास, लादूराम, राजेंद्र, पृथ्वीराज, प्रकाश, गोपी राम, भादर राम, प्रकाश भोपा, सोहन लाल भोपा, बृजलाल भोपा, सुरेश कुमार, कमला देवी, कमलाबाई , महेंद्र कुमार, हनुमान प्रसाद, कृष्ण लाल, महावीर भोपा, सहित महिलायें भी मौजूद रही।



# देवास में धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़

## हिंदू संगठनों में आक्रोश; सांसद सोलंकी ने पुलिस को दिए कार्रवाई के निर्देश

**देवास (जनमार्ग न्यूज)।** देवास के विकास नगर चौराहा स्थित धार्मिक स्थल पर सोमवार रात को असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ कर दी, जिसमें माता की प्रतिमा भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलने के बाद मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। फिलहाल, औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। इधर तोड़फोड़ की जानकारी मिलने के बाद एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।

# रक्तदान शिविर का आयोजन



जनमार्ग न्यूज

**गजसिंहपुर।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत लोहारा के गुरुद्वारा सिंह सभा में माता गुजर कौर के चार साहिबजादे को समर्पित चौथा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं का भी बड़ा योगदान रहा। सेवादारों ने बताया कि सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक रक्तदान शिविर बड़े ही श्रद्धा के साथ लगाया गया। शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह वेलफेयर ट्रस्ट, एनआरआई एवं ग्राम पंचायत लोहारा की तरफ से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार 136 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। श्रीगंगानगर पुरोहित ब्लड बैंक टीम का सहयोग रहा। इस अवसर पर गुरुद्वारा सिंह सभा लोहारा में गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गया इस अवसर पर बाहर से आए हुए अतिथियों को सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया

# सादगी, सेवा-समर्पण की अद्भुत मिसाल था डॉ. मनमोहन सिंह का जीवनः दादरी

## कांग्रेसजनों ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** टाउन में ज्ञानसिंह कॉलोनी स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में सोमवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मौजूद कांग्रेसजनों की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। डीसीसी अध्यक्ष सुरेन्द्र दादरी की अध्यक्षता में हुई श्रद्धांजलि सभा में सर्वप्रथम सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए एवं दो मिनट का मौन रखा। डीसीसी अध्यक्ष सुरेन्द्र दादरी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन सादगी, सेवा और समर्पण की अद्भुत मिसाल था। वे भारत में आर्थिक सुधारों के जनक कहे जाते हैं। उनकी सुझाई नीतियों से ही आर्थिक सुधार के दरवाजे खुले थे। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी और देश को वैश्विक मंच पर मजबूत किया। डॉ. मनमोहन सिंह की आर्थिक नीतियों का ही कमाल था कि दो साल में ही यानी 1993 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1 अरब डॉलर से 10 अरब डॉलर हो गया। 1998 में यह 290 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। प्रधानमंत्री रहते हुए उन्होंने कई ऐसे फैसले लिए जिसने देश के विकास की नींव रखी। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने सूचना क्रांति, मनरेगा, किसानों की कर्ज माफी और शिक्षा के अधिकार जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक कदम उठाए। देश ने एक सच्चे देशभक्त एवं महान अर्थशास्त्री को खो दिया। वे अपने महत्वपूर्ण योगदान एवं आर्थिक सुधार के कारण याद किए जाते रहेंगे। जिला प्रमुख कविता मेघवाल, पूर्व प्रधान दयाराम जाखड़ व पीसीसी सचिव मनीष मक्कासर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने अपनी शिक्षा पंजाब विश्वविद्यालय, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से प्राप्त की। अर्थशास्त्र के प्रोफेसर, वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार, योजना आयोग के उपाध्यक्ष और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में कार्य किया। वे प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के मंत्रिमंडल में वित्त मंत्री रहे। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कई आर्थिक सुधार किए। डॉ. सिंह को उनकी सेवाओं के लिए कई पुरस्कार और सम्मान मिले। उन्हें 1987 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। 2002 में सर्वश्रेष्ठ सांसद के रूप में चुना गया। डॉ. मनमोहन सिंह एक महान अर्थशास्त्री और राजनेता थे, उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। पीसीसी सदस्य भूपेन्द्र चौधरी व एसी विभाग चेयरमैन रामेश्वर चांवरिया ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने कार्यकाल में भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया। जब वैश्विक स्तर पर आर्थिक मंदी छाई हुई थी, तब उनके कुशल नेतृत्व ने भारत को इस संकट से बचाया। वे एक कुशल और विनम्र नेता थे। डॉ. मनमोहन सिंह की अमेरिका के साथ परमाणु करार की बड़ी उपलब्धि थी। उन्होंने भारत के विकास के लिए दूरगामी सोच के तहत कई कल्याणकारी नीतियां बनाकर लागू कीं। उनकी नेतृत्व क्षमता और देशहित में किए गए कार्यों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए।



# पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहनसिंह को इंटक ने श्रद्धांजलि दी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहनसिंह को आज राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इंटक के प्रदेश कार्यालय में आज दोपहर आयोजित शोक सभा में उपस्थित इंटक पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। सरदार मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर को 92 वर्ष की आयु में देहावसान हो गया था।श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष विष्णु शर्मा प्रदेश महामंत्री नरेश कुमार,प्रदेश सचिव पवन गौतम प्रदेश उपाध्यक्ष उस्मान खान ने कहा कि मनमोहनसिंह के निधन से देश ने एक महान अर्थशास्त्री और एक कुशल मार्गदर्शन को खो दिया है। वित्त मंत्री रहते मनमोहनसिंह ने जहां कर प्रणाली का सरलीकरण का हर छोटे-बड़े दुकानदार, व्यापारी तथा उद्योगपतियों को राहत दी जिससे उदारीकरण को बढ़ावा मिला और देश की अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्वक मजबूती आई, वहीं लगातार दो बार प्रधानमंत्री रहते उन्होंने मनरेगा योजना लागू कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाने का काम किया। देशवासियों को सूचना का अधिकार और शिक्षा के अधिकार जैसे कानून दिए। प्रदेश अध्यक्ष विष्णु शर्मा प्रदेश महामंत्री नरेश कपूर प्रदेश सचिव पवन गौतम प्रदेश उपाध्यक्ष उस्मान खान ने कहा कि विपक्षी दल भी उनकी काबिलियत और कार्य कुशलता की तारीफ करते थे। कांग्रेस पार्टी को उन्होंने बहुत मार्गदर्शन किया। इसमें कोई शक नहीं है कि मनमोहनसिंह के निधन से देश को जो हुई क्षति को कभी पूरा नहीं किया जा सकेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक प्रदेशाध्यक्ष विष्णु शर्मा, प्रदेश महामंत्री नरेश कपूर,बीकानेर जिला महामंत्री दिनेश कुमार ,प्रदेश सचिव पवन गौतम प्रदेश उपाध्यक्ष उस्मान खान,फल सब्जी मंडी अध्यक्ष किशोरी पचेरवाल,महिला इंटक प्रदेश महामंत्री महिला विंग किरपा शर्मा, शकुन्तला वर्मा वर्मा जिला अध्यक्ष,शांति देवी किरण देवी शालिनी जस्सा सिंह, गुरजीत कौर जिला सचिव महिला विंग,बलदेव सिंह अजय कुमार राव,रमेश कुमार ढाका, किशन राव,रमेश पेंटर, बजरंग लाल,विक्की,अशोक कुमार, राजू पेंटर,प्रेम कुमार ,गुरदीप सिंह,इंद्र कुमार, राज कुमार राजू ,प्रेम कुमार, कुलदीप टेंपो वाला आदि बड़ी संख्या में इंटक पदा अधिकारी और कार्यकताओं ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।



# उज्जैन की भीड़ प्रयागराज कुम्भ और राम मंदिर डायवर्ट हुई

जनमार्ग न्यूज

**उज्जैन।** 31 दिसंबर और 1 जनवरी को देशभर से भक्त उज्जैन आकर भगवान महाकाल के दर्शन करेंगे। एडवांस में होटल बुकिंग शुरू हो चुकी है। मंदिर समिति ने भस्म आरती की बुकिंग पर रोक लगा दी है। होटल की एडवांस बुकिंग पर भक्तों को 10 प्रतिशत अलग से चुकाना पड़ रहे हैं। वो भी तब, जब इस बार भीड़ पिछली बार के मुकाबले कम आ रही है। शहर के होटल मालिकों का कहना है कि इस बार भीड़ कम आने की सबसे बड़ी वजह यह है कि लोग प्रयागराज कुम्भ और अयोध्या पहुंच रहे हैं। इम्पीरियल होटल के रिजर्वेशन मैनेजर मुर्तजा ने बताया कि इस बार अपेक्षाकृत बुकिंग कम हुई है। जो लोग कार से राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, यूपी से आते थे, वे कुम्भ और अयोध्या राम मंदिर जा रहे हैं। उधर, मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं को 40 मिनट में महाकाल के दर्शन कराने का प्लान बनाया है। आमतौर पर दर्शन में 1 घंटा लगता है। श्रद्धालुओं को महाकाल लोक से प्रवेश मिलेगा। चारधाम से बैरिकेडिंग में तीन लेयर में लाइन लगेगी। भस्म आरती में सुबह 3 बजे शामिल हो सकेंगे।

# 96 गेंद, 22 चौके, 8 छक्के और 170 रन... अभिषेक शर्मा का ताबड़तोड़ शतक

जनमार्ग न्यूज

**अहमदाबाद।** एक ओर भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में संघर्ष कर रही है और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे बल्लेबाजों के रिप्लेसमेंट की तलाश है तो दूसरी ओर कुछ युवाओं ने डोमेस्टिक क्रिकेट में खुद को साबित किया है। उनमें से एक हैं अभिषेक शर्मा। शुभमन गिल के करीबी दोस्त ने विजय हजारे ट्रॉफी में पंजाब और सौराष्ट्र के बीच राउंड-5 के एक मुकाबले में गजब की बैटिंग की और 96 गेंदों में ताबड़तोड़ अंदाज में 177 रन की पारी खेली। उनके और प्रभसिमरन सिंह के दमदार शतक के दम पर पंजाब ने 5 विकेट पर 424 रन बनाए। अहमदाबाद के गुजरात कॉलेज ग्राउंड पर टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी पंजाब टीम ने 31 ओवरों में 298 रन ठोक डाले। उसके लिए कप्तान अभिषेक शर्मा ने विध्वंसक अंदाज में बैटिंग की और दूसरे छोर पर प्रभसिमरन सिंह ने भी कमाल किया। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 298 रन ठोके। यह विजय हजारे ट्रॉफी में पहले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इस दौरान टी20 इंरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू कर चुके अभिषेक शर्मा ने बवाल बैटिंग की। उन्होंने 96 गेंदों में 22 चौके और 8 छक्के उड़ाए।




दूसरे छोर पर प्रभसिमरन सिंह ने 95 गेंदों का सामना किया, जबकि 11 चौके और 8 छक्के कूट डाले। उन्होंने 125 रन बनाए। इसके बाद आखिरी में अनमोल मल्होत्रा ने 45 गेंदों में 6 चौके के दम पर नाबाद 48 रन सनवीर सिंह ने 29 गेंदों में 4 चौके और एक छक्का के दम पर नाबाद 40 रन की पारी खेली। जिस अंदाज में अभिषेक शर्मा बैटिंग कर रहे हैं उससे लग रहा है कि वह जल्द ही भारत के लिए वनडे और टेस्ट दोनों में खेलते नजर आ सकते हैं।

**अंडर-19 विश्व विजेता टीम में शामिल थे**

अभिषेक शर्मा शुभमन गिल और पृथ्वी शॉ के साथ अंडर-19 विश्व कप 2018 में खेले थे। इस सत्र में राहुल द्रविड़ की कोचिंग में टीम ने विश्व विजेता बनने का गौरव हासिल किया था, जबकि पृथ्वी शॉ और शुभमन गिल ने पहले ही इंटरनेशनल डेब्यू कर लिया था।

## सोनू मटका एनकाउंटर की मजिस्ट्रेयिल जांच शुरू

**मेरठ (जनमार्ग न्यूज)।** मेरठ एसटीएफ और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल टीम के ज्वाइंट ऑपरेशन में मारे गए 1 लाख के इनामी सोनू मटका के एनकाउंटर की मजिस्ट्रेयिल जांच शुरू हो गई है। अपर नगर मजिस्ट्रेट (ब्रहमपुरी) मेरठ ने बताया कि जांच के संबंध में अगर व्यक्ति अपना मौखिक अथवा लिखित साक्ष्य देना चाहते हैं तो उनके कार्यालय में 10 जनवरी 2025 तक अथवा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। मेरठ में यूपी एसटीएफ ने एनकाउंटर में 14 दिसंबर की सुबह दिल्ली के वांटेड गैंगस्टर अनिल उर्फ सोनू मटका को ढेर कर दिया था। मुठभेड़ में दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम भी साथ थी। सोनू मटका हाशिम बाबा गैंग का शॉर्प शूटर था।

# आरएसबीसीएल के प्रबंधक शिव कुमार को दी गई श्रद्धांजलि

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंधक शिव कुमार के निधन पर लिकर कॉन्ट्रेक्ट यूनियन द्वारा सोमवार को गोदाम में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप तिवाड़ी के नेतृत्व में समस्त शराब ठेकेदारों ने शिव कुमार को श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप तिवाड़ी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शिव कुमार ने अपनी कार्यकुशलता और अनुभव से हनुमानगढ़ में राजस्व संग्रहण और माल की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की। उनके निर्देशन में गोदाम में हमेशा पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध रहता था, जिससे किसी प्रकार की कमी का सामना नहीं करना पड़ता था। ठेकेदार गुरदीप सिंह बराड़ बब्बी ने कहा कि शिव कुमार ने सरकार और शराब ठेकेदारों के बीच समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में ठेकेदारों और विभाग के बीच बेहतर तालमेल बना रहा। शिव कुमार की यह कुशलता न केवल ठेकेदारों बल्कि विभाग के लिए भी लाभप्रद साबित हुई। इस श्रद्धांजलि सभा में जिले के सभी प्रमुख ठेकेदार और लिकर कॉन्ट्रेक्ट यूनियन के सदस्य उपस्थित रहे। सभा में शिव कुमार के योगदान को याद करते हुए कहा गया कि उनका जाना विभाग और ठेकेदारों दोनों के लिए बड़ी क्षति है। सभा के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर सभी ने शिव कुमार के परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।



## सहारनपुर मिनी बैंक लूट में शामिल लुटेरे का वीडिया

जनमार्ग न्यूज

**सहारनपुर।** जनसेवा केंद्र पर लूट की घटना को अंजाम देने वाले लुटेरे ने फेसबुक पेज पर वीडियो अपलोड की है। पुलिस की मुठभेड़ करने को फर्जी बताया है। मैंने जनसेवा केंद्र में लूट की थी, लेकिन पुलिस ने एनकाउंटर में 2 बेगुनाह लड़कों के पैर में गोली मार दी। यह कहना है कि 25 हजार के इनामी लूटरे विन्नी नागर का, जिसने 21 दिसंबर को सहारनपुर जनसेवा केंद्र (मिनी बैंक) में 7 साथियों के साथ गन पॉइंट पर लूट की थी।

इसका वीडियो सामने आया। अखिलेश यादव ने वीडियो ङ्क पर पोस्ट कर कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। कहा- यूपी 'इज ऑफ डूइंग क्राइम में नंबर-1 हुआ है। इसके बाद पुलिस ने 27 दिसंबर को 3 अलग-अलग मुठभेड़ में बदमाश निखिल, जुनैत और अभिषेक के पैर में गोली मार दी। चौथे इस्तखार को पकड़ लिया।

# बरकत कॉलोनी फाटक गौशाला में सोमवती अमावस्या पर हवन यज्ञ का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ।** टाऊन कि बरकत कॉलोनी स्थित फाटक गौशाला में सोमवती अमावस्या के अवसर पर भव्य हवन यज्ञ और गौ पूजा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में पंडित राधेश्याम ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन संपन्न कराया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति अर्पित की। गौशाला के अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि अमावस्या पर दान-पुण्य और गौ सेवा का विशेष महत्व है। कार्यक्रम के दौरान गौ सेवकों द्वारा गौ माता की पूजा-अर्चना की गई और हरा चारा व विशेष रूप से तैयार गौ लड्डू खिलाए गए। इस आयोजन का उद्देश्य धार्मिक भावना को बढावा देना और गौ सेवा के महत्व को रेखांकित करना था। इस मौके पर पवन गर्ग, मंगत राय गर्ग, आनंद सरावगी, सत्यनारायण, मनोज सरावगी, सुशील कुमार गर्ग, मांगीलाल, राजेन्दर कुमार, अंकुर, कृष्णा, दीनदयाल,नरेन्द्र गोदार, पवन कुमार,महावीर प्रसाद,रमेश कुमार,लोकेश वैद, सरला देवी, रेखा, पुष्पा, मंजू, सुमन,सपना सरावगी,सुमन,रितु,उमा,सरोज, अंजू, रीटा सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने हवन और सत्संग में भाग लेकर पुण्य अर्जित किया। आयोजन के अंत में अध्यक्ष ने गौ सेवा और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करने में सहायक होते हैं।



# श्रीमद्भागवत कथा व यज्ञ के दूसरे दिन शिव-सती प्रसंग का हुआ भावपूर्ण वर्णन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** टाउन की गोशाला समिति में चल रही श्रीमद्भागवत कथा व यज्ञ का दूसरा दिन भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। मुख्य यजमान सज्जन बंसल डिंगवाला ने विधिवत पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने भक्ति रस का आनंद लिया। कथावाचक पूज्य श्री मुरलीधर जी माधव ने कथा के दूसरे दिन शिव और सती प्रसंग का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने भगवान शिव और सती के चरित्र को श्रद्धालुओं के समक्ष प्रस्तुत करते हुए उनके जीवन के प्रेरक प्रसंगों को रोचक ढंग से सुनाया। पूज्य मुरलीधर जी ने बताया कि यह प्रसंग भक्तों को त्याग, प्रेम और समर्पण की शिक्षा देता है। कथा के दौरान श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा पंडाल भगवान शिव और सती माता के जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक ने शिव के तप, सती के विश्वास, और उनके बीच के दिव्य संबंध को बड़े ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को शिव और सती की भक्ति से प्रेरणा लेने की अपील की और जीवन में सत्य, भक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। यज्ञ मंडप में हवन-पूजन और आहुतियों के साथ वातावरण पवित्र और भक्तिमय बना रहा। मुख्य यजमान सज्जन बंसल डिंगवाला ने विधिवत पूजा अर्चना से कथा की शुरुवात करवाई व श्रद्धालुओ से कथा में निरंतर भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। श्रीमद्भागवत कथा का यह आयोजन पूरे सप्ताह जारी रहेगा, जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।



## मेले में गई युवती से गैंगरेप, जंगल में घसीटा

**सिंगरौली।** सिंगरौली में मेले में गई 19 साल की युवती को बंधक बनाकर गैंग रेप हुआ। 6 युवकों ने युवती और उसके दोस्त को रास्ते में बंधक बनाया लिया। फिर लड़की को घसीटकर जंगल में ले गए। यहां दो युवकों ने दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना जियावान थाना क्षेत्र की है। एसपी मनीष खत्री ने बताया, रविवार को युवती अपने दोस्त के साथ मेले में गई थी। इसके बाद रात में दोनों लौट रहे थे। इस दौरान रास्ता सुनसान था। यहीं 6 लड़कों ने दोनों को घेर लिया। युवती ने पुलिस को बताया कि 4 बदमाशों ने उसके दोस्त से मारपीट की और बंधक बना लिया। बाद में दो लड़कों ने गैंग रेप किया। पीड़िता के पिता ने बताया कि बेटी मेले से शाम 7-8 बजे तक घर लौटने वाली थी।

# आखिरकार हुआ ब्रैड पिट-एंजेलिना जोली का तलाक

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट और एंजेलिना जोली आठ साल की कानूनी लड़ाई के बाद तलाक ले रहे हैं. दोनों ने तलाक के समझौते को अंतिम रूप दे दिया. वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार हॉलीवुड की इस जोड़ी ने अपनी शर्तों को अंतिम रूप देते हुए 30 दिसंबर को अलग होने के शर्तों पर हस्ताक्षर कर दिए. अभिनेत्री के वकील जेम्स साइमन ने कहा, आठ साल से अधिक समय पहले, एंजेलिना ने मिस्टर पिट से तलाक के लिए अर्जी दी थी. जोली ने 19 सितंबर 2016 को पिट से तलाक के लिए अर्जी दी थी. उन्होंने और बच्चों ने मिस्टर पिट के साथ साझा की गई सभी संपत्तियों को छोड़ दिया है. उनका फोकस अब परिवार और पीस पर है.



**आठ साल पहले हुआ था केस**

उन्होंने आगे बताया, यह आठ साल पहले शुरू हुई एक लंबी प्रक्रिया का सिर्फ एक हिस्सा है. सच कहूं तो, एंजेलिना थक चुकी हैं, लेकिन उन्हें अब राहत है कि यह खत्म हुआ. 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ' के कलाकारों ने 10 से 15 दिन की जूरी सुनवाई का अनुरोध किया है जिसमें वो समझौते को लेकर किसी भी तरह की दुविधा को दूर करेंगे. वैरायटी के अनुसार दोनों के बीच का विवाद 2016 में सुर्खियों में आया था, जब एक निजी विमान में कथित तौर पर शारीरिक झड़प हुई, जहां पिट ने अपने एक बच्चे का कथित तौर पर गला दबा दिया और दूसरे के मुंह पर मारा था. इस खबर को सबसे पहले 'पीपल' पत्रिका ने रिपोर्ट किया था. यह भी दावा किया गया था कि उन्होंने जोली को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की थी. इस घटना के बाद से पिट के खिलाफ एक शिकायत फाइल की गई थी. इसके बाद दोनों के बीच का विवाद गहराता गया. हॉलीवुड अभिनेत्री एंजेलिना जोली ने हाल ही में कहा कि उनके लिए मातृत्व के अलावा कुछ भी मायने नहीं रखता क्योंकि वह अपने छह बच्चों मैडॉक्स, पैक्स, जहरा, शिलोह और 16 वर्षीय जुड़वां बच्चों नॉक्स और विवियन के प्रति समर्पित हैं. अभिनेत्री ने कहा था, मातृत्व, मेरी खुशी है. आप मुझसे बाकी सब कुछ छीन सकते हैं... मेरे लिए बाकी कुछ भी मायने नहीं रखता।

# मिनरल एक्सप्लोरेशन का बनेगाः रोजगार और राजस्व में होगी बढ़ोतरीः टी. रविकान्त

## आरएसएमईटी की कार्यकारी समिति की बैठक में दिए निर्देश

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** राज्य में खनिज खोज कार्य का पाचं साल का मास्टर प्लान बनाया जाएगा। प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं भूविज्ञान टी. रविकान्त ने बताया कि इससे प्रदेश में उपलब्ध खनिज संपदा के एक्सप्लोरेषन कार्य में तेजी आएगी और एक्सप्लोरेशन से खनिजों के डिपोजिट, गुणवत्ता और उपलब्धता का समय पर आंकलन होने से खनिज ब्लॉकों की समय पर और कारगर तरीके से नीलामी हो सकेगी। उन्होंने बताया कि योजनावद्ध प्रयासों से ही राजस्थान केवल एक साल में ही मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी से देश में शीर्ष पर आ गया है।

प्रमुख सचिव टी. रविकान्त सोमवार को खनिज भवन में राजस्थान स्टेट मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट की कार्यकारी समिति की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि आरएसएमईटी को राज्य के मिनरल एक्सप्लोरेशन के पांच साल का मास्टर प्लान शीघ्र तैयार करने के निर्देष दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान खनिज संपदा संपन्न प्रदेश है और एक्सप्लोरेशन का मास्टर प्लान बनने से योजनाबद्ध तरीके से खनिज ब्लॉकों की नीलामी, खनन और दोहन का कार्य हो सकेगा और इससे प्रदेश में रोजगार और राजस्व के अवसर बढ़ सकेंगे। रविकान्त ने कहा कि राज्य में मिनरल एक्सप्लोरेशन के क्षेत्र में कार्य कर रही केन्द्र व राज्य सरकार की संस्थाएं परस्पर सहयोग व समन्वय से एक्सप्लोरेशन कार्य को गति दे और कार्यों में डूप्लिकेसी से बचा जाए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता होने पर निजी क्षेत्र की एक्सप्लोरेशन कार्य में लगी संस्थाओं की भागीदारी भी तय की जाएगी। रविकान्त ने मास्टर प्लान सहित प्रदेश की खनिज संपदा से संबंधित सामग्री को पब्लिक प्लेटफार्म में रखा जाए ताकि पारदर्शिता के साथ ही प्रदेश के माइनिंग सेक्टर में अधिक साधन संपन्न और तकनीकी दृष्टि से सशक्त प्रतिभागी आगे आ सकेंगे और इससे प्रदेश को माइनिंग ब्लॉकों की नीलामी से लेकर खनन तक बेहतर राजस्व भी प्राप्त हो सकेगा और वैज्ञानिक ढंग से खनन होने से जीरो लॉस खनन हो सकेगा। उन्होंने आरएसएमईटी की तकनीकी सलाहकार समिति को और अधिक सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए ताकि कार्य में गुणवत्ता निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि मिनरल एक्सप्लोरेशन कार्य में नवीनतम तकनीक के उपयोग की आवश्यकता है ताकि मिनरल की उपलब्धता और गुणवत्ता के आधार पर नीलामी में बेहतर राजस्व प्राप्त हो सके। आरएसएमईटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनपी सिंह ने बताया कि आरएसएमईटी द्वारा प्रदेश में एक्सप्लोरेशन से लेकर ड्रिलिंग, सेंपल एनालीसिस और विभागीय लेब के सशक्तिकरण के साथ ही तकनीकी रुप से विभागीय टीम को संसाधन उपलब्ध कराकर सक्षम बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आरएसएमईटी द्वारा ऑक्शन के लिए ब्लॉक तैयार कर उपलब्ध कराए गए हैं।

जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के हरीश मिस्त्री, एमईसीएल के आशीष सिंह आदि ने भी सुझाव दिए।

बैठक में संयुक्त सचिव आशु चौधरी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी आलोक प्रकाश जैन, ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, एसजी सुनील कुमार वर्मा के साथ ही वित्तीय सलाहकार गिरिश कछारा, एसजी नितिन चौधरी, मनीष माथुर व जीएसआई, एमईसीएल, आईबीएम, आरएसएमएम आदि सदस्य संस्थाओं के प्रतिनिधियां ने हिस्सा लिया।

# भारत की सीमा से सटे नेपाल के इटहरी में बम धमाके

## राजावादी संगठन की धमकी, नया साल पर जाने वाले हो जाएं सावधान



जनमार्ग न्यूज

**काठमांडू।** नए साल पर जश्न मनाने के लिए नेपाल की वादियों की सैर करने की चाहत बना रखने वाले लोगों को मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है। इसकी वजह नेपाल के राजावादी नाम के संगठन की बम धमाका करने की धमकी है। संगठन ने धमकी देने के साथ ही मंगलवार सुबह तीन स्थानों पर धमाके भी किए हैं। भारत नेपाल सीमा से महज तीस किलोमीटर की दूरी पर हुए बम धमाके से इटहरी का इलाका गूंज उठा। बम धमाके के बाद नेपाली पुलिस के साथ सेना भी सुरक्षा के लिए उतर गई है। इटहरी मुख्य सड़क राजमार्ग को नेपाली सेना ने सील कर विभिन्न स्थानों से बम बरामदगी और उसको निष्क्रिय करने के कार्य में जुट गई है।

नए साल के मौके पर नेपाल में बड़ी संख्या में सीमावर्ती क्षेत्र सहित दूरदराज क्षेत्र से हजारों की संख्या में भारतीय पर्यटक नेपाल की हसीन वादियों में पहुंचकर साल के पहले दिन का जश्न मनाते हैं। नेपाल के विराटनगर, धरान, इटहरी, धनकुटा, भेटेटार, भारदह, हिले, भीमनगर बैरेज, जनकपुर आदि स्थानों पर नववर्ष के पहले दिन भारतीय पर्यटकों का जमावड़ा रहता है। नेपाल पर्यटन विभाग और कला संस्कृति विभाग की ओर से भी नववर्ष के पहले दिन के लिए पर्यटकों के लिए विशेष इंतजाम और सुरक्षा रखी जाती है। ऐसे में ये धमाके चिंता बढ़ाने वाले हैं।

**संगठन ने पहले दी धमकी, फिर किए धमाके**

भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित जोगबनी से 30 किलोमीटर की दूरी पर तीन सीरियल बम धमाके से नेपाल के सुनसरी जिला का इटहरी बम धमाके से दहल उठा। नेपाल की राजावादी नामक संगठन ने सुनसरी एसपी को मैसेज के माध्यम से नववर्ष पर बम धमाका करने की धमकी दी थी। मैसेज में इटहरी को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। मैसेज और धमकी को लेकर नेपाल पुलिस जांच में ही जुटी थी कि इटहरी के तीन स्थानों पर बम मिलने की सूचना सुनसरी जिला पुलिस को मिली।%

नेपाल की सुनसरी जिला पुलिस को पहला बम इटहरी राजमार्ग मे रहे बुढी नदी के पुल के नीचे होने की सूचना मिली।मिली सूचना के तहत राजमार्ग को सील कर नेपाली सेना की बम डिस्पोजल टीम बम को निष्क्रिय कार्य में लगी ही थी कि बम विस्फोट हो गया।उसके बाद दूसरा बम इटहरी उप महानगरपालिका के कार्यालय के सामने मिला। सेना की टीम यहां भी बम डिफ्यूज कर रही थी की बम विस्फोट हो गया।

**पुलिस ने क्या कहा है**

जिला पुलिस कार्यालय सुनसरी के एसपी सुमन तिमिस्ना के अनुसार, सुबह में इलाका पुलिस कार्यालय इटहरी और पकली मे राजावादी समूह के नाम से भोटेपुल, बुढी खोला और उपमहानगरपालिका के आगे काला झोला मे बम रख देने का मैसेज आया था। सुनसरी एसपी ने बताया कि बम दस्ता टीम को सर्च अभियान में लगाया गया है। नेपाल सेना, पुलिस के साथ दूसरी सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित किया जा रहा है। मोरंग एसपी नारायण प्रशाद चिमारिया ने सुनसरी जिला में सीरियल बम धमाके के बाद भारत नेपाल सीमा की सुरक्षा को तेज कर दिया है। विराटनगर में पुलिस गश्ती के साथ सतर्कता बढ़ा दी है और संदिग्धों की जांच की जा रही है। नेपाल प्रहरी के साथ आर्म्ड पुलिस फोर्स को लगाया गया है। विराटनगर से इटहरी जाने वाले रूट पर ट्रैफिक भी रोका गया है।

# अब कूड़े पर भी जीएसटी, शौचालय इस्तेमाल करने पर लगेगा 150 रुपये

जनमार्ग न्यूज

**शिमला।** शिमला शहर में लोगों को घरों से कूड़ा उठाने की फीस अब ज्यादा देनी पड़ेगी। इसके साथ ही शहर के 30 शौचालयों के इस्तेमाल पर पुरुषों पर फीस देनी होगी। यह निर्णय सोमवार को मेयर सुरेंद्र चौहान की अध्यक्षता में हुई नगर निगम की मासिक बैठक में लिया गया है। नगर निगम की बैठक में घर से कूड़ा उठाने के कार्य को सेवा मानते हुए इस पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने की चर्चा हुई है। हालांकि इस पर अंतिम निर्णय लेने से पहले एक विशेष हाउस भी किया जा सकता है। निगम प्रशासन ने बताया कि घरों से कूड़ा उठाना सेवा के दायरे में आता है। सेवा प्रदान करने वाली एजेंसी जीएसटी लगा सकती है। यदि जीएसटी लगता है आने वाले समय में कूड़े की फीस पहले के मुकाबले ज्यादा हो सकती है।

वर्तमान में घरेलू उपभोक्ता को 127 रुपये घर से कूड़ा उठाने के लिए मासिक फीस देनी पड़ती है। इसमें 18 प्रतिशत जीएसटी लागू होता है तो दरों में बढ़ोतरी हो सकती है। शिमला में 50 हजार घरों से रोजाना कूड़ा एकत्र किया जाता है।

इन घरों से कूड़ा एकत्र करने के बाद ही इसे सैहब सोसायटी के कर्मचारियों को वेतन के रूप में भी बांटा जाता है। यदि इसकी कलेक्शन में कमी आती तो कर्मचारियों को वेतन तक देना मुश्किल हो होता है।

शिमला में कूड़े की फीस के रूप में एक करोड़ रुपये हर माह जुटाए जाते हैं और इसी से सैहब सोसायटी के कर्मचारियों का वेतन दिया जाता है। नगर निगम ने घर-घर से कूड़ा उठाने के लिए एक सैहब सोसायटी का गठन किया है। इसी सोसायटी के तहत 600 से ज्यादा कर्मचारी रखे गए हैं।

राजधानी में 103 शौचालय ऐसे हैं, जहां पर किसी से कोई फीस नहीं ली जाती है। इनमें 30 शौचालय सुविधाओं से लैस हैं, यहां पर हाथ सुखाने से लेकर अन्य सुविधाएं हैं। इनका रखरखाव बिना किसी फीस के संभव नहीं है।

# सर्दियों में तेजी से ब्लड शुगर बढ़ाती हैं ये चीजें, कहीं आप भी तो नहीं कर रहे इस्तेमाल?

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** ठंड बढ़ने के साथ डॉक्टर डायबिटीज मरीज को खास सलाह यह देते हैं कि वह अपने ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल या मैनेज जरूर करें. दरअसल, किसी भी व्यक्ति को अपना ब्लड शुगर लेवल मैनेज करना है तो सबसे पहले ऐसे व्यक्ति को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ खास बदलाव करने की जरूरत है. क्योंकि जब ठंड बढ़ती है तो शरीर में इंसुलिन के लेवल में भी बदलाव आते हैं. वहीं सर्दियां डायबिटीज मरीजों के लिए कई चैलेंजेज लेकर आते हैं. ज्यादा ठंड शरीर में ग्लूकोज के लेवल को काफी ज्यादा प्रभावित करता है. यही कारण है कि सर्दियों में हमलोग स्लो, सुस्त और कम एक्टिव महसूस करते हैं. यही कारण है जो ब्लड शुगर लेवल बढ़ने की निशानी है. इसके साथ ही सर्दियों में कैलोरी से भरपूर आरामदायक भोजन भी आपके शुगर लेवल को बिगाड़ सकता है.

**फिजिकल एक्टिविटी में कमी**

ठंड के मौसम में शारीरिक गतिविधि कम हो जाती है, जिससे शरीर के लिए ग्लूकोज का उपयोग करना कठिन हो सकता है.

फेस्टिवल सीजन के दौरान खाने-पीने का रखें खास ख्याल

छुट्टियों के जश्न में गरिष्ठ, मीठे खाद्य पदार्थ शामिल हो सकते हैं, जिससे कैलोरी का सेवन बढ़ सकता है.

**स्ट्रेस हार्मोन**

शरीर ठंड के मौसम की प्रतिक्रिया में तनाव हार्मोन जारी करता है, जिससे रक्त शर्करा का स्तर बढ़ सकता है.

**विटामिन डी की कमी**

सर्दियों में सूरज की रोशनी न निकलने के कारण विटामिन डी की कमी हो सकती है, जो इंसुलिन का लेवल शरीर में बढ़ाती है.

**बीमारी**

सर्दियों में सर्दी और फ्लू का खतरा बढ़ जाता है, और संक्रमण तनाव का कारण बन सकता है, जिससे रक्त शर्करा का स्तर बढ़ सकता है. सनबर्न, मार्केट में मिलने वाले पैकेट वाले मीठा, कॉफी, नाश्ता न करना, डिहाईड्रेशन, नाक का स्प्रे और मसूड़ों की बीमारी आदि होने लगती है.

# अशोभनीय टिप्पणी पर वामपंथी संगठनों का विरोध प्रदर्शन

जनमार्ग न्यूज



**हनुमानगढ़।** सोमवार को विभिन्न वामपंथी संगठनों ने जंक्शन अम्बेडकर चौक पर एकत्रित होकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति अशोभनीय टिप्पणी करने पर इस्तीफे की मांग की। साथ ही, एक देश, एक चुनाव और चुनाव नियमों में किए गए एकतरफा बदलावों के खिलाफ सभा आयोजित की।

सभा में वामपंथी नेताओं ने केंद्र सरकार पर तीखे हमले किए। सीपीआई के नेता रामकुमार और साहबराम पुनिया ने कहा, डॉ. अंबेडकर ने भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान दिया। उनके बारे में अशोभनीय टिप्पणी करना न केवल संविधान का अपमान है, बल्कि गृहमंत्री जैसे पद पर बैठे व्यक्ति के लिए शर्मनाक भी है। यह बयान देश के लोकतंत्र पर हमला है। सीपीआईएम के नेता रघुवीर वर्मा, शेर सिंह शाक्य, आत्मा सिंह, और बहादुर सिंह चौहान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार देश में संविधान को खत्म करने की साजिश रच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महंगाई, बेरोजगारी और अन्य गंभीर मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए डॉ. अंबेडकर पर विवादास्पद बयानबाजी कर रही है। वामपंथी नेताओं ने एक देश, एक चुनाव के नारे को लोकतंत्र और चुनाव प्रक्रिया को समाप्त करने का तरीका बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल संघीय ढांचे पर प्रहार है, बल्कि राज्यों की स्वायत्तता को भी कमजोर करता है। रघुवीर वर्मा ने कहा, मोदी सरकार संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को खत्म करके एक पार्टी शासन लागू करना चाहती है। यह देश के लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है। एक देश एक चुनाव और मोदी जी ने तय कर लिया एक देश और एक पेट वह भी अडानी का इसलिए सभी क्षेत्र है जो सार्वजनिक क्षेत्र को अदानी को दिया जा रहा है अदानी का पेट भरा जा रहा है गरीब मजदूर किसान का पेट खाली है सभा में वक्ताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री के बयान की निंदा करते हुए इसे सामाजिक सद्भाव और संविधान के मूल सिद्धांतों के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर जैसे महान व्यक्तित्व का अपमान केवल एक व्यक्ति या समाज का नहीं, बल्कि पूरे देश का अपमान है। सभा के अंत में वामपंथी संगठनों ने मांग की कि अमित शाह अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दें। उन्होंने केंद्र सरकार को चेतावनी दी कि यदि इस मुद्दे पर गंभीरता से कार्रवाई नहीं की गई, तो पूरे देश में बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। वक्ताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए वे हर मोर्चे पर संघर्ष करेंगे। सभा में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और वामपंथी कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिन्होंने नारेबाजी के जरिए अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस मौके पर कामरेड बसंत सिंह कामरेड मुकद्दर अली कांमरेड सुरेन्द्र शर्मा कामरेड कामरेड वेद मक्कासर कामरेड जरनैल सिंह कामरेड दारा सिंह कामरेड अरविंद मुंशी कामरेड गुरनायब कामरेड सिंह मेजर सिंह कामरेड सुल्तान खान कामरेड शिव कुमार कामरेड समीर खान कांमरेड कपिल देव कांमरेड सुभाष कांमरेड शत्रोहन आदि उपस्थित थे।

# भांजे के हत्यारे मामा की हुई मौत

## मर्डर केस में 40 दिन से सेंट्रल जेल में था बंद, रिम्स में इलाज के दौरान हुई मौत

जनमार्ग न्यूज

**पलामू।** भांजा की हत्या करने वाले जेल में बंद मामा की मौत हो गई है। विश्रामपुर थाना क्षेत्र के घासीदाग के रहने वाले 25 वर्षीय लाला सिंह 23 नवंबर से पलामू सेंट्रल जेल में बंद था। जेल सुपरिनटैंडेंट भागीरथ कर्जी के मुताबिक लाला सिंह को क्रोनिक टीबी की बीमारी थी। तबीयत बिगड़ने पर 20 सितंबर को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जहां नौ दिन इलाज के बाद डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर कर दिया। सोमवार को इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया था। वहीं उसकी मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। लाला सिंह ने अपने 12 वर्षीय भांजे अजय सिंह का निर्मम तरीके से हत्या कर दिया था। भांजे को मारने के बाद बोरा में बंद कर घर के पीछे केले के पौधे के नीचे दबा दिया था। हत्या के पांच दिन बाद 20 नवंबर को जब शव से दुर्गंध आने लगा तब हत्या की जानकारी हुई। लाला सिंह का भांजा वहीं रहता था। लाला सिंह को लगता था कि भांजे को भी जायदाद में से हिस्सा देना होगा। इसे लेकर बहन से भी उसका विवाद होता था। इसी विवाद में उसने भांजे को मार दिया था। हत्या का राज खुला तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# राष्ट्रीय युवक परिषद ने डॉ. दीपिका साईं का सम्मान कर वृद्धाश्रम में मनाया खुशी का लम्हा

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** राष्ट्रीय युवक परिषद द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में मोरिसस से भारत पधारी डॉ दीपिका सपुत्री रणवीर साईं का परिषद ने मोरिसस में भारत का नाम रोशन करने पर सम्मान किया। इस मौके पर परिषद ने डॉ दीपिका साईं की उपलब्धि को सराहा और उसे युवाओं के लिए प्रेरणा बताया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के बीच खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर बुजुर्गों को नमकीन, रस, फल एवं मिठाइयों व गर्म टोपी,जुराब का वितरण किया गया, जिससे उनके चेहरे पर मुस्कान आई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य न केवल खुशी के पलों को साझा करना था, बल्कि समाज के वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान और सेवा भावना का संदेश देना भी था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रणवीर साईं डीवाईएसपी हनुमानगढ व कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रवीण जैन ने की, विशिष्ट अतिथि मनीष शर्मा, कपिल कालड़ा, रमेश पचारिया, ओमप्रकाश, शिवप्रकाश भाम्भू, ईश्वर बठला थे। जिला अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिषद के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।



उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय युवक परिषद हर खुशी का लम्हा वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के आशीर्वाद के साथ मनाती है। उन्होंने इसे एक अद्भुत परंपरा बताया, जो युवाओं में संस्कार और समाज सेवा की भावना को मजबूत करती है । जिला अध्यक्ष प्रवीण जैन ने अपने संबोधन में कहा कि परिषद का मुख्य उद्देश्य युवाओं को संस्कारवान बनाना है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढी को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी अपनाने की आवश्यकता है। ।वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने भी इस अवसर पर अपनी खुशी जाहिर की और राष्ट्रीय युवक परिषद के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम उनके लिए न केवल खुशी के पल लाते हैं, बल्कि यह उन्हें यह एहसास भी कराते हैं कि समाज उनके प्रति संवेदनशील है। इस कार्यक्रम ने न केवल शिक्षा, समाजसेवा और खुशी का संदेश दिया, बल्कि यह भी दिखाया कि युवा पीढ़ी को बुजुर्गों के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इस अवसर पर गिरिराज शर्मा,गोपी किशन स्वामी,शंकर सैनी ने अपनी मधुर वाणी से भजन गाकर उपस्थित लोगों को मग्नमुग्द कर दिया । इस मौके पर किशन लाल बंसल,खुशबू बंसल,अनिल कुमार सिडाना,उत्कृष्ट सिडाना, रामलाल कांवलीया, कुंडाराम, नाथूराम कलवा,रामजी लाल,वासुदेव,लखबीर सिंह,श्रीमती गायत्री भार्गव,रामी देवी,राजा देवी,विनीत सी घ एडवोकेट, श्रीमति सरिता साई,इन्द्र जी उपस्थित थे।

# पेड़ से लटका मिला नाबालिग का शव

## हत्या या आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस, सोमवार की शाम से गायब था युवक

जनमार्ग न्यूज

**गुमला।** गुमला जिला के घाघरा थाना क्षेत्र के टुकुटोली चेचेपाट गांव में कोयनार पेड़ की डाल से युवक का शव मिला है। 17 वर्षीय युवक की बॉडी रस्सी के सहारे झूल रहा था जिसके पैर जमीन पर सटे हुए थे। घाघरा पुलिस ने शव को मंगलवार को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। शव की स्थिति को देखते हुए आत्महत्या या हत्या पर संशय बना हुआ है। घटना के संबंध में मृतक के पिता बलिंदर उरांव ने बताया कि उसका बेटा अनुज उरांव सोमवार को दिन के 3.30 बजे बाहर से घर आया था। इसके बाद फिर शाम 7 बजे घर से बिना कुछ बताए बाहर निकला और वह वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन की गई लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। फिर सुबह घर से करीब सौ मीटर दूर कोयनार पेड़ पर रस्सी के सहारे एक शव लटके होने की सूचना मिली। जाकर देखा तो वह अनुज की बॉडी थी। इसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गई। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। हत्या है या आत्महत्या.. पुलिस इस एंगल से भी छानबीन कर रही है। वहीं मामले पर घाघरा थाना के एसआई राहुल कुमार ने बताया प्रथम दृश्य में फांसी लगाकर आत्महत्या प्रतीत होता है पर पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर खुलासा होगा। फिलहाल छानबीन की जा रही है।मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था। 8वीं तक की पढ़ाई कर छोड़ चुका था। कुछ लोग दबी जुबान घटना को प्रेम प्रसंग से जोड़ रहे हैं।

# सामान थड़े और सड़क पर सजाना पड़ा भारी, पुलिस की शरण में पहुंचे दुकानदार

- शहर में 20 दिनों में इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों चोरी
- शाम को मोटरसाइकिल पर निकलते हैं दो चोर
- चुपके से सामान उठाकर हो जाते हैं रफूचक्कर




जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** शहर में दुकानदारों को दुकानों का सामान दुकान में रखने की बजाए बाहर थड़े तथा उससे आगे भी सड़क पर सजाकर रखने की आदत भारी पड़ रही है। इस तरह सजाकर रख हजारों रुपए मूल्य का सामान रोजाना चोरी हो रहा है। दो युवक शाम के समय मोटरसाइकिल पर निकलते हैं,जो अपने चेहरे मफलर से ढक कर रखते हैं। बड़े आराम से यह युवक दुकानों के बाहर रखा कीमती सामान उठाकर ले जाते हैं। दुकानदार दुकान में काम में व्यस्त या ग्राहक को अटेंड कर रहा होता है। उसे पता ही नहीं चलता कब बाहर से कोई सामान उठा ले गया। शाम को जब वह बाहर रखा सामान अंदर रखना लगता है, तब उसे पता लगता है कि कोई वस्तु गायब हो गई है। फिर वह अपनी दुकान में और अगल-बगल की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को देखा है। उसमें दो युवक सामान ले जाते दिखाई देते हैं। तब तक देर हो चुकी होती है। पिछले 20-22 दिनों से शहर में ऐसी लगातार चोरियां हो रही हैं।ज्यादातर चोरियां गोल बाजार के अंबेडकर चौक तथा इसके आसपास के बाजार की दुकानों पर हुई हैं। कुछ चोरियां सेतिया कॉलोनी, सी ब्लॉक, बी ब्लॉक मीरा चौक और जवाहरनगर थाना के नजदीक भी घटित हुई हैं। लगभग दो दर्जन दुकानदार आज अपने मोबाइल फोनों में सामान चोरी होने के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तथा संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष तरसेम गुप्ता, महामंत्री रोमी चुघ, विनोबा बस्ती दुर्गा मंदिर मार्केट एसोसिएशन के नरेंद्र चौधरी, रेडीमेड गारमेंट एसोसिएशन के नीटा सुखीजा आदि को लेकर कोतवाली में पहुंचे। कोतवाल सीआई पृथ्वीपालसिंह को फुटेज दिखाते हुए चोरों को पकड़ने की गुहार लगाई। किसी दुकानदार ने बताया कि उसके दो गीजर चोरी हो गए तो किसी ने बताया कि काफी कीमती एलइडी टीवी गायब हो गया है। अंबेडकर चौक में जलेबी की दुकानों के सामने इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिक आइटम की तीन-चार दुकानें हैं।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने खाद्य संस्थानों का किया निरीक्षण, लिए 9 सैंपल

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** राज्य सरकार की मंशा अनुरूप जिले में चल रहे शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत मंगलवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विभिन्न खाद्य पदार्थ बेचने वाले संस्थानों का निरीक्षण किया और नौ सैंपल लिए। जिला कलेक्टर डॉ. मंजू के निर्देशों पर ये अभियान नए साल में भी जारी रहेगा। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाए जाने के लिए शुद्ध आहार- मिलावट पर वार अभियान जारी है। मंगलवार को विभागीय टीम में शामिल खाद्य सुरक्षा अधिकारी कंवरपाल सिंह एवं हंसराज गोदारा ने निम्बावाली स्थित जय गणेश मिष्ठान भंडार का निरीक्षण कर गुलाब जामुन



और बर्फी मिठाई का सैंपल लिया। यहीं सूरतगढ़ मार्ग से दूध विक्रेता अमर सिंह एवं बजरंग लाल शर्मा से गाय दूध का एक - एक सैंपल लिया। वहीं सूरतगढ़ के हेमू कॉलोनी चौक स्थित शर्मा मिष्ठान भंडार से बर्फी व दूध का सैंपल, श्री श्याम ऑयल एंटरप्राइजेज से सरसों तेल, श्याम किराना भंडार से मूंग दाल और जोश एंटरप्राइजेज से चाय का सैंपल लिया। सीएमएचओ डॉ. सिंगला ने बताया कि मिलावटी खाद्य तेल, घी, दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ (मावा व पनीर आदि), मसाले या अन्य मिलावटी खाद्य सामग्री एवं खुले में खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से ई-रिक्शा चालक की मौत

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ टाउन में नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज रोड अंडरपास में एक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से ई-रिक्शा चालक की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि सोमवार दोपहर को हुई इस दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक नत्थूराम नायक (59) निवासी सुरेशिया मोहल्ला, हनुमानगढ़ जंक्शन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लोगों ने हनुमानगढ़ टाउन सिविल अस्पताल में पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान वह दम तोड़ गया। मृतक के बेटे राकेश नायक द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात वाहन के चालक पर लापरवाही के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम होने के बाद नत्थूराम नायक की लाश परिवार वालों के सुपुर्द कर दी गई। पुलिस ने बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज से टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है।

## नरसिंहपुरा खुली जेल से हत्या का आरोपी फरार

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** घमूडवाली थाना क्षेत्र के गांव नरसिंहपुर की एक गौशाला में संचालित खुली जेल से हत्या का एक उम्रकैदी फरार हो गया है। पुलिस के अनुसार खुली जेल के मुख्य प्रहरी सतवीरसिंह ने रिपोर्ट दी है कि सजायाफ्ता कैदी अशोक मेघवाल (32) निवासी गली नंबर 15,मीरा चौक श्रीगंगानगर कल सोमवार सुबह की हाजिरी के समय जेल में उपस्थित नहीं था। उसका कुछ देर इंतजार भी किया गया, लेकिन उसका पता नहीं चला। जानकारी के अनुसार जेल कर्मियों ने अशोक मेघवाल का उसके घर परिवार वालों से भी पता लगाया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ है।मुख्य प्रहरी द्वारा रिपोर्ट दिए जाने पर कल शाम अशोक मेघवाल के खुली जेल से फरार हो जाने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया। जिला जेल के अधीक्षक डॉ. अभिषेक शर्मा ने बताया कि अशोक मेघवाल को हत्या के एक मामले में 2016 में उम्र कैद की सजा सुनाई गई थी। जेल में अच्छे आचरण को देखते हुए उसकी खुली जेल में भेजे जाने की अनुशंसा प्राप्त हुई। अशोक को पहले टोंक जिले की एक ओपन जेल में भेजा गया था।

## लापता हुए युवक की लाश नहर में मिली

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** केसरीसिंहपुर थाना क्षेत्र के गांव अरायण से पिछले हफ्ते लापता हुए एक युवक सुलखनसिंह बाजीगर (32) की लाश नहर में बरामद हुई है।मामले की जांच कर रहे एएसआई राजाराम ने बताया कि सुलखनसिंह के लापता हो जाने पर 25 दिसंबर को थाने में गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। सुलखन सिंह के नहर में गिर जाने की आशंका थी,क्योंकि उसे अपने गांव के नजदीक नहर के पास ही आखरी बार लोगों ने घूमते हुए देखा था।

## मानसिक परेशानी के चलते खुदकुशी

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** रायसिंहनगर में अनूपगढ़ मार्ग पर एक मोटर गैरेज में काम करने वाले एक युवक ने मानसिक परेशानी के चलते मोटर गैरेज के ऊपर वाले कमरे में ही फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान कुलविंदरसिंह उर्फ किन्नू निवासी सादकवाला सूरतगढ़ के रूप में हुई है।वह पिछले कुछ समय से इस मोटर गैराज में काम कर रहा था और वहीं रहता था। उसके भाई कश्मीरसिंह ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वह 5द्ध6 महीनों से मानसिक रूप से परेशान था। पुलिस के अनुसार घटना विगत रविवार शाम की है। कल सोमवार को पोस्टमार्टम होने के बाद लाश परिवार वालों को दे दी गई।

## ट्रेडर्स एसोसिएशन में विशेष आमंत्रित सदस्यों का मनोनयन

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** दी गंगानगर ट्रेडर्स एसोसिएशन श्रीगंगानगर की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। सचिव गौरव मुंडावाला ने बताया कि ट्रेडर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विशेष सदस्यो की नियुक्ति आपसी सहमती से अध्यक्ष भूपेंद्रपाल आहूजा द्वारा की गई है। एसोसिएशन के वर्ष 2024-26 के कार्यकाल में विशेष आमंत्रित सदस्य सत्यप्रकाश खेमका, श्याम करवा, प्रमोद सिंघल,लालसिंह, सोहनलाल वधवा,पंकज गर्ग, हनुमान महिपाल, पूर्व अध्यक्ष धर्मवीर डूडेजा, आदित्य कांडा, बंशी बत्रा, सुभाष गुप्ता, शुभम, गिरीश डुंगाबूंगा, बजरंग मित्तल,नमन बंसल एवं रोहित गर्ग को लिया गया। अध्यक्ष भूपेंद्र पाल आहूजा के अनुसार ये सदस्य कार्यकारिणी के साथ मिलकर धान मण्डी प्रांगण की समस्याओं और व्यापरिक हितों के लिए कार्य करेंगे।

## शालीमार एक्सप्रेस कल से 10 जनवरी तक रद्द

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल पर तकनीकी कार्य कराए जाने के कारण जम्मूतवी-बाड़मेर-जम्मूतवी शालीमार एक्सप्रेस आवागमन में 2 से 10 जनवरी के मध्य छह ट्रिप रद्द रहेगी।जोधपुर मंडल के डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल पर स्नेहवाल-अमृतसर रेल खंड के लाडोवाल स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य हेतु ब्लॉक लिए जाने के कारण जम्मूतवी-बाड़मेर-जम्मूतवी शालीमार एक्सप्रेस आवागमन में छह ट्रिप रद्द की जा रही है।

## नौकरी का झांसा देकर सैनिक की पत्नी से एक लाख रुपए ठगे

- पुलिस ने 90 हजार रुपए रिफंड करवाएं

जनमार्ग न्यूज।



**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर सैनिक छावनी एरिया की निवासी एक युवती को ऑनलाइन ठगों ने आंगनबाड़ी केंद्र में नौकरी दिलाने का झांसा दिया और एक लाख रुपए ठग लिए। ठगी होने का पता चलते ही इस युवती ने तुरंत पुलिस के साइबर पोर्टल पर विगत 20 दिसंबर को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई।यह मामला पोर्टल के जरिए कोतवाली में पहुंचा तो पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कार्रवाई करते हुए उक्त युवती को लगभग 90 हजार रुपए रिफंड करवा दिए। बाकी 10 हजार रुपए भी जल्दी ही रिफंड हो जाने की संभावना है।पुलिस ने इस मामले को ऑपरेशन एंटी वायरस अभियान में लिया। कोतवाल सीआई पृथ्वीपालसिंह ने इसकी जांच हवलदार राजकुमार और सिपाही वेदप्रकाश मीणा के सुपुर्द की। हवलदार और सिपाही ने 21 दिसंबर को ही पूजा यादव नामक उक्त युवती से ठगे लगभग एक लाख रुपए जिन बैंक खातों में जमा करवाए गए थे, उनको ट्रैक करना शुरू कर दिया। पुलिस जैसे-जैसे बैंक खातों को ट्रैक करती गई और उनमें राशि पाए जाने पर संबंधित शाखा प्रबंधक को सूचना देकर ट्रांजैक्शन रुकवा दिया। महज तीन दिन में ही पुलिस ने पूजा यादव को लगभग 80 हजार रुपए विभिन्न खातों से रिफंड करवा दिए। इसके बाद 10 हजार रुपए उसे परसों और रिफंड करवाए गए। पुलिस ने बताया कि बाकी 10 हजार की राशि का भी पता चल गया है। यह राशि एक ई-मित्र से निकलवाई गई है।जल्दी ही यह राशि भी रिफंड होकर पूजा यादव को मिल जाएगी। पुलिस ने कहा कि ऑनलाइन ठगी का शिकार होने पर अगर पीड़ित व्यक्ति तुरंत साइबर पोर्टल पर शिकायत करता है तो इस प्रकार ठगी गई राशि भी उसे तुरंत ही वापस मिलने की संभावना रहती है। पूजा यादव से एक लाख की ठगी लगभग एक लाख रुपए की सारी राशि पुलिस ने उसे वापस एक हफ्ते में ही दिला दी। पूजा यादव ने भी पुलिस को लिखकर दिया है कि अब वह इस मामले में आगे कोई कार्यवाही नहीं चाहती। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने जिन बैंक खातों का ट्रांजैक्शन रुकवाया था, उनको दोबारा शुरू कर दिया जाए तो उसे कोई आपत्ति नहीं है।

## महिला मनरेगा मजदूर की नहर में गिरने से मौत

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ जिले में संगरिया थाना क्षेत्र में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा )की एक महिला मजदूर की नहर में गिरने से मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार गांव नगराना के वार्ड नंबर 13 निवासी हरदेवसिंह मजहबी सिख (48) ने रिपोर्ट देते बताया है कि उसकी पत्नी सुखप्रीतकौर (46) जो कि मनरेगा में मजदूरी करती थी,वह कल सोमवार को सादुल ब्रांच नहर की बुर्जी संख्या 79-84 के बीच चल रहे मनरेगा स्थल पर मजदूरी करने के लिए गई थी। वह दोपहर लगभग एक बजे पास में ही नहर पर जाकर पानी निकाल रही थी,तभी पैर फिसल गया और वह नहर में गिर गई।वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने सुखप्रीतकौर को तुरंत नहर से निकाला और हनुमानगढ़ टाउन सिविल अस्पताल में इलाज के लिए लेकर गए।

## होमलैंड सिटी के नजदीक सड़क हादसे में महिला की मौत

- कार पलटने से लगी गंभीर चोट, कई घायल
- नेतेवाला की तरफ मोड़ते समय पलटी कार

जनमार्ग न्यूज।



**श्रीगंगानगर।** शहर के होमलैंड सिटी के सामने की तरफ कार पलटने से इसमें सवार महिला की मौत हो गई। महिला अपने पीहर से ससुराल जा रही थी। हादसे में महिला के भतीजे की पत्नी और देवर का बेटा घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। हादसे के बाद पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम करवाया और इसे परिजनों को सौंप दिया। मृतक फूलां (45) पत्नी अली का पीहर श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ रोड पर होमलैंड सिटी में है। फूलां के भतीजे सचिन पुत्र शरीफ खान की दो जनवरी को शादी होनी है। ऐसे में घर में खुशी का माहौल था। सोमवार रात को परिवार में कोई विवाह संबंधी आयोजन था। इसमें शामिल होने के बाद सुबह फूलां अपने भतीजे की पत्नी बिसमिल्लाह पत्नी मुमताज और अपने देवर के बेटे के बेटे मनफूज (15) पुत्र अस्करअली के साथ होमलैंड सिटी से गांव नेतेवाला के लिए रवाना हुई। कार फूलां का रिश्तेदार समीर चला रहा था। ये लोग अभी होमलैंड सिटी से सूरतगढ़ रोड पर गांव नेतेवाला की तरफ मुड़ ही रहे थे कि कार पलट गई। इससे फूलां सड़क पर गिर गई। सड़क पर सिर टकराने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार में सवार बिस्मिल्लाह पत्नी मुमताज और फूलां के देवर का बेटा मनफूज घायल हो गए। दोनों को ज्यादा चोट आने पर तुरंत जिला अस्पताल लाया गया। मौके पहुंची सदर थाना पुलिस ने फूलां का शव सरकारी अस्पताल की मोर्च्यूरी में रखवाया।

## माउंट आबू के बाद लूणकरनसर सबसे ठंडा



जनमार्ग न्यूज।

**बीकानेर।** प्रदेशभर में इन दिनों शीत लहर का प्रकोप है। इस बीच लूणकरनसर कस्बा राज्यभर में माउंट आबू के बाद सबसे ठंडा कस्बा रहा। दरअसल, मंगलवार से बीकानेर के लूणकरनसर में मौसम विभाग का सेंटर स्थापित हो गया, जिससे मौसम अपडेट मिलने शुरू हो गए हैं। पहले ही दिन लूणकरनसर का पारा राज्य के टॉप शहरों में दूसरे नंबर रहा। राज्य के गैर पर्वतीय क्षेत्रों में लूणकरनसर और गंगानगर सबसे ठंडे क्षेत्रों के रूप में सामने आए हैं। इन दोनों शहरों में न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस रहा। लूणकरनसर में अधिकतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं जिला मुख्यालय पर न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस रहा। एक दो दिन में ये पारा भी पांच से नीचे आने की उम्मीद की जा रही है। बीकानेर में अधिकतम तापमान 18.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो लूणकरनसर की तुलना में कम है। बाडमेर में अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा।

# कोहरे से पलटे ट्रक में लगी आग

- 2 दमकलों ने मिलकर पाया काबू
- पुलिस ने सड़क पर लगा जाम खुलवाया

जनमार्ग न्यूज।



**बीकानेर।** बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में मंगलवार सुबह कोहरे के बीच एक ट्रक में आग लग गई। आग से ट्रक के आगे का हिस्सा जलकर राख हो गया। वहीं पीछे के हिस्से को फायर ब्रिगेड की टीम ने बचा लिया। ट्रक में ग्रीट भरी थी, ऐसे में पीछे ज्यादा आग नहीं लगी। सेरुणा पुलिस थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद श्रीडूंगरगढ़ ओर बीकानेर शहर से दमकल मौके पर पहुंची थी। सेरुणा थाना क्षेत्र के गांव झंझेऊ के निकट नेशनल हाईवे पर ये ट्रक बेकाबू होकर पलट गया था। ट्रक पलटने से उसमें आग लग गई। गनीमत रही कि ट्रक ड्राइवर तुरंत ट्रक से निकल कर भाग गया। वो भी आग की चपेट में आ सकता था लेकिन उसने अपनी जान बचा ली। ट्रक का इंजन व केबिन जलकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। घटना की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड और सेरुणा पुलिस को दी गई। जिसके बाद समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। मौके पर श्रीडूंगरगढ़ नगरपालिका की दमकल मौके पर पहुंची। फायर मैन विक्रम सिंह व ड्राइवर शंकरलाल ने आग पर काबू पाया। यहां बीकानेर से भी एक दमकल पहुंच गई। हालांकि इसकी जरूरत नहीं पड़ी। शेरुणा पुलिस के एएसआई राजकुमार व हैड कॉन्स्टेबल आवड़ दान दल के साथ मौके पर पहुंचे। हाईवे पर एकबारगी रास्ता जाम हो गया था लेकिन बाद में पुलिस ने उसे खुलवा दिया।

## हनुमानगढ़ जिले में अवैध हथियारों सहित चार गिरफ्तार

- एक फरार हो जाने में कामयाब

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ जिले में पुलिस ने बीते 24 घंटे के दौरान अवैध हथियार रखने के आरोप में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है जबकि एक फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक अरशद अली के अनुसार तलवाड़ा थाना में एएसआई हंसराज ने कल शाम को तलवाड़ा झील के समीप सुरेंद्र जाट (22) निवासी गांव मुंडा को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से 32 बोर का अवैध देशी पिस्तौल बरामद हुआ। पल्लू थाना में हवलदार मुकेश ने पल्लू-सरदारशहर मेगा हाईवे पर वन विभाग के नजदीक सुरेंद्र राजपूत (22) निवासी खोडा को एक धारदार कापा सहित गिरफ्तार किया। हनुमानगढ़ सदर थाना में एएसआई जसकरणसिंह ने गांव पक्का सहारण में प्रीतम बाजीगर (45) को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से एक लोहे का अवैध कापा बरामद हुआ। इसी प्रकार रावतसर पुलिस ने वार्ड नंबर 15 निवासी सोनू उर्फ कृष्णलाल नायक( 26) को भी एक तेज धार वाले कापा सहित गिरफ्तार किया है। हवलदार महेंद्रसिंह ने उसे खेत्रपाल मंदिर के पास गिरफ्तार किया। उधर हनुमानगढ़ सदर थाना क्षेत्र के गांव डबलीवास मौलवी में सुरेंद्र उर्फ छिंदू रायसिख पुलिस को देखकर एक लोहे का कापा फेंक कर फरार हो गया।

सुबह की शुरूआत
प्रातःकालीन
जनमार्ग
के साथ
ताजा और
ज्यादा खबरें

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692